RNI No:-MPHIN/2008/24599 डाक पंजीयन:-एमपी/SDL-0019/2026-2028 Epaper:- www.fatwasamachar.com

# फतवा

प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित भोपाल और छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार आपका विश्वास

वर्ष -17 अंक-29 अनूपपुर-17 से 23 जुलाई 2025 पृष्ठ-08 मूल्य-02 रुपये

पेज 04 कलेक्टर ने जनदर्शन



## प्रमुख संक्षिप्त

### सागर प्रीत हूडा होंगे चंडीगढ़ के नए डीजीपी

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के नए पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हूडा होंगे। केंद्र सरकार ने उनके नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। वे जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. हूडा पहले दिल्ली में विशेष पुलिस आयुक्त (खुफिया विभाग) के पद पर तैनात थे। उन्होंने अपनी सेवा के दौरान कई बड़ी जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे मीडिया सेल और परसेप्शन मैनेजमेंट, महिला एवं बाल अपराधों से जुड़ी विशेष इकाई और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की विशेष पुलिस इकाई जैसे विभागों का भी अतिरिक्त प्रभार संभाल चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच में भी अहम भूमिका निभाई है।

### बस खाई में गिरा, 5 की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक मिनी बस के खाई में गिर गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे की जगह से चार शव बरामद किए गए थे, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिले के चीफ मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि मौतों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। कई घायलों की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार को डोडा-बराथ रोड पर पोंडा इलाके हुआ। मिनी बस के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने की खबर है। बस में 21 लोग सवार थे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### गुजरात में पुल टूटा, 8 लोग नीचे गिरे

जूनागढ़। गुजरात में मंगलवार सुबह जूनागढ़ जिले में मरम्मत के दौरान एक पुल का स्लैब ढह गया। पुल पर मौजूद 8 लोग 15 फीट नीचे गिर गए। हालांकि सभी को बचा लिया गया है। जूनागढ़ में यह हादसा मांगरोल तालुका के अजाज गांव में हुआ। यह पुल केशोद को माधवपुर से जोडने वाला एक मुख्य रास्ता है, जहां से रोजाना कई वाहन गुजरते हैं। सुबह पुल की मरम्मत का काम चल रहा था। तभी अचानक पुल का स्लैब ढह गया और हिताची मशीन तेज आवाज के साथ नीचे गिर गई। पुल के स्लैब पर कुछ लोग भी खड़े थे, जो स्लैब गिरने पर सीधे नदी में गिर गए, लेकिन गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। गुजरात में एक हफ्ते में पुल टूटने की दूसरी घटना सामने आई है।

### वेटरन एक्टर-डायरेक्टर धीरज कुमार का निधन

मुंबई। फिल्म हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, बहारों फूल बरसाओ जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में नजर आए और मिली, घर की लक्ष्मी बेटियां और मायका जैसे शोज प्रोड्यूस कर चुके धीरज कुमार का आज दोपहर निधन हो गया है। सोमवार को सांस लेने की तकलीफ होने पर उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट में रखा गया था। 79 साल के एक्टर-डायरेक्टर को निमोनिया हुआ था।

वेटरन एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनके परिवार ने एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर चाहने वालों से उनके जल्द ठीक होने की दुआ करने की अपील की थी। साथ ही परिवार ने इस मुश्किल घड़ी में उनकी निजता का सम्मान करने की विनती भी की थी। परिवार ने बताया था कि धीरज कुमार को डॉक्टर्स की कड़ी निगरानी में रखा गया था।

### मणिपुर में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद जब्त

इंफाल। मणिपुर में सेना और पुलिस ने मंगलवार सुबह जॉइंट ऑपरेशन में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद जब्त किए। ये ऑपरेशन इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, थौबल, काकचिंग और विष्णुपुर में चलाया गया। सुरक्षाबलों की राज्य में पिछले एक हफ्ते से सर्चिंग जारी है। इससे पहले 7 जुलाई से 14 जुलाई तक चलाए गए ऑपरेशन में 10 उग्रवादियों को पकड़ा गया था। ये सर्चिंग पांच जिलों में की गई थी। इस दौरान सेना ने 35 हथियार, 11 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस, ग्रेनेड और गोला-बारूद भी बरामद किया। राज्य में हथियारों की बरामदगी का यह एक महीने में दूसरा बड़ा मामला है। इससे पहले 15 जून को 328 हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए थे। इनमें सेल्फ लोडिंग राइफल्स और इंसास जैसी राइफलें शामिल थीं।

### नीतीश सरकार का ऐलान, अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को रोज़गार

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने मंगलवार को 30 प्रमुख प्रस्तावों को मंज़ूरी दे दी, जिसमें अगले पाँच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोज़गार देने की योजना भी शामिल है। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले घोषित फ़ैसले को सत्तारूढ़ एनडीए सरकार द्वारा बिहार में बढ़ती बेरोज़गारी और रोज़गार सृजन पर कथित निष्क्रियता को लेकर विपक्ष की आलोचना का जवाब देने के लिए एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

## बिहार वोटर लिस्ट से 30 लाख नाम कटेंगे

# वेरिफिकेशन में 14 लाख लोग बीएलओ को मिले नहीं, 10.50 लाख की मौत

पटना।

बिहार में वोटर लिस्ट बनाने और उसे अपडेट करने का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। चुनाव आयोग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के 7 करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 मतदाताओं में से अब तक 6 करोड़ 60 लाख 67 हजार 208 लोगों ने अपना फॉर्म भर दिया है। ये कुल का 88.18 प्रतिशत है। यानी अब सिर्फ 11.82 प्रतिशत मतदाताओं का ही फॉर्म भरना बाकी रह गया है। आयोग ने बताया कि घर-घर जाकर दो बार बीएलओ ने सर्वे किया। इसमें पता चला कि 1.59 प्रतिशत यानी 10 लाख 50 हजार 468 वोटर्स की मौत हो चुकी है। वहीं, 2.2 प्रतिशत यानी करीब 14 लाख 53 हजार 478 लोग बीएलओ को मिले ही नहीं। बताया गया कि वो हमेशा के लिए दूसरी जगह चले गए हैं।




### 29.86 लाख लोगों के नाम लिस्ट से कटेंगे

इसके अलावा 0.73 प्रतिशत, यानी 4 लाख 82 हजार 290 लोगों का नाम दो जगह दर्ज पाया गया। इन तीनों वर्गों को मिलाकर देखा जाए तो कुल 29 लाख 86 हजार 237 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कटेगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि अभी भी लगभग 11 दिन बाकी हैं। आयोग का प्रयास है कि राज्य का कोई भी योग्य वोटर छूटे नहीं। जो लोग बिहार से बाहर चले गए हैं, उनके लिए भी अखबारों, सोशल मीडिया, कॉल और सीधी बातचीत के जरिए सूचना दी जा रही है। आयोग चाहता है कि सभी लोग अपना फॉर्म समय पर भरें, ताकि उनका नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में प्रकाशित हो सके। यह लिस्ट 1 अगस्त को जारी की जाएगी।

### तेजी से हो रहा फॉर्म भरने का काम

चुनाव आयोग के मुताबिक फॉर्म भरने का काम तेजी से हो रहा है। इस काम में करीब 1 लाख बीएलओ लगे हुए हैं। उन्हें अब तीसरे चरण का सर्वे करने के लिए कहा गया है। इनके अलावा 1.5 लाख बीएलए भी मैदान में हैं, जो सभी पार्टियों की ओर से नियुक्त होते हैं। ये बीएलए रोजाना 50 फॉर्म तक सत्यापित और जमा कर सकते हैं। आयोग ने बताया कि राज्य के सभी 261 नगर निकायों के 5683 वार्डों में विशेष कैंप भी लगाए जा रहे हैं, ताकि कोई भी योग्य शहरी वोटर छूट न जाए।

### भागलपुर में 2 लाख वोटर्स के नाम कटेंगे

भागलपुर जिले के 7 विधानसभा क्षेत्र के करीब दो लाख वोटर्स के नाम लिस्ट से काटे जाएंगे। इसे लेकर विधानसभा वार लिस्ट तैयार हो गई है। मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के आंकड़ों के मुताबिक जिले में 31,985 वोटर्स की मौत हो चुकी है। जबकि 47,980 मतदाता स्थायी रूप से बिहार से बाहर जा हो चुके हैं। वहीं 29,558 वोटर्स ऐसे मिले, जिनके नाम दो बार वोटर लिस्ट में थे। साथ ही 89,711 मतदाता ऐसे हैं, जिनका फॉर्म बीएलओ ने नहीं पाया या मतदाताओं को ढूंढ नहीं पाए। इन्हीं वजह से कुल 1 लाख 99 हजार 234 मतदाताओं के इन्यूमरेशन फॉर्म वापस नहीं आए हैं। भागलपुर की 7 विधानसभाओं में कुल 24 लाख 414 वोटर्स हैं। उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि अब तक करीब 84 प्रतिशत फॉर्म बीएलओ ने रिसीव किया है।

### सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था मामला

सुप्रीम कोर्ट ने 4 दिन पहले वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी थी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए थे। वहीं, अदालत ने चुनाव आयोग से कहा था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए।

## नीतीश सरकार का ऐलान, अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को रोज़गार

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने मंगलवार को 30 प्रमुख प्रस्तावों को मंज़ूरी दे दी, जिसमें अगले पाँच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोज़गार देने की योजना भी शामिल है। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले घोषित फ़ैसले को सत्तारूढ़ एनडीए सरकार द्वारा बिहार में बढ़ती बेरोज़गारी और रोज़गार सृजन पर कथित निष्क्रियता को लेकर विपक्ष की आलोचना का जवाब देने के लिए एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। इसके पहले मुख्यमंत्री नीतिश ने पोस्ट में इसी तरह की घोषणा की थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि 2005 से 2020 के बीच बिहार में आठ लाख से ज़्यादा युवाओं को सरकारी नौकरियाँ दी गईं। कुमार ने कहा, अगले पाँच वर्षों (2025 से 2030) के लिए, हम एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरियाँ और रोज़गार के मौका प्रदान करके इस लक्ष्य को दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, निजी क्षेत्र, खासकर औद्योगिक क्षेत्रों में, नई नौकरियाँ और रोज़गार के अवसर भी पैदा किए जाएँगे।



### स्वागत है... शुभांशु

## स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहकर लौटे शुभांशु शुक्ला



कैलिफोर्निया।

शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहने के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की मंगलवार 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समय के अनुसार शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे ये रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी।

### मोदी बोले- शुभांशु ने अरबों सपनों को प्रेरित किया

शुभांशु की वापसी पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का उनकी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से पृथ्वी पर वापसी के लिए स्वागत करता हूं। शुभांशु ने अपने समर्पण, साहस से अरबों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

## बेंगलुरु में कॉलेज छात्रा से गैंगरेप दो लेक्चरार समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एक प्राइवेट कॉलेज की छात्रा के साथ दो लेक्चरर समेत तीन लोगों ने गैंगरेप किया। पुलिस ने फिजिक्स लेक्चरार नरेंद्र, बायोलॉजी लेक्चरार संदीप और उसके दोस्त अनूप को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित की शिकायत के मुताबिक, नरेंद्र ने छात्रा को नोट्स देने के बहाने बेंगलुरु बुलाया और अपने दोस्त अनूप के घर ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद संदीप ने नरेंद्र के साथ पीड़िता की वीडियो क्लिप के जरिए उसे ब्लैकमेल किया और फिर से दुष्कर्म किया। फिर तीसरे आरोपी अनूप ने छात्रा को उसके कमरे में आने की सीसीटीवी फुटेज होने का दावा करके धमकाकर उसके साथ बलात्कार किया। छात्रा ने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई, जिसके बाद महिला आयोग की मदद से मराठाहल्ली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। यह घटनाएं एक महीने पहले हुई थीं, लेकिन छात्रा ने हाल ही में अपने माता-पिता को जानकारी दी। इसके बाद कर्नाटक राज्य महिला आयोग को शिकायत दी गई।

## भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील फाइनल करने भारतीय टीम फिर से वाशिंगटन पहुंची...

- ट्रंप की टैरिफ लागू करने की डेडलाइन 1 अगस्त से पहले हो सकता है बड़ा ऐलान
- भारत अड़ा... डेयरी को लेकर नो-डील!
- डेयरी और एग्री सेक्टर को लेकर फंसा है डील में पेंच
- 8 करोड़ किसानों को हो जाएगा 1 लाख करोड़ का नुकसान

वाशिंगटन/नई दिल्ली।

इस समय विश्व में ट्रेड वार छिड़ा हुआ है। अमेरिका दूसरे देशों पर मनमाना टैरिफ लगा रहा है। इस बीच भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील होनी है। अमेरिका में खाद्यान्न का भारी भंडार भरा है। इसके लिए अमेरिका की प्राथमिकता बाजार खोजना है। अमेरिका चाहता है की भारत अपना बाजार खोले। लेकिन तीन कानूनों को लेकर जिस तरह किसानों ने विरोध जताया है उस कारण सरकार पर भी दबाव है। अगर भारत ने बाजार खोला तो करीब एक लाख करोड़ का नुकसान होगा, वहीं किसानों की आर्थिक स्थित खराब होगी। ऐसे में समझौता बड़ी समस्या बन गया है। उधर, भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील में बातचीत तेज होने की बात कही जा रही है, भारतीय टीम फिर से वाशिंगटन पहुंच गई है और उम्मीद जताई जा रही है कि ट्रंप की टैरिफ लागू करने की डेडलाइन 1 अगस्त 2025 से पहले बड़ा ऐलान हो सकता है। इस बीच बता दें कि अमेरिका के साथ डील एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर से जुड़े मुद्दों को लेकर अटकी हुई है, जिन्हें यूएस प्रोडक्ट्स के लिए खोलने की डिमांड अमेरिका कर रहा है। भारत का रुख इस मामले में अडिग बना हुआ है और सरकार की ओर से साफ कर दिया गया है कि किसी भी दबाव में किसानों के हितों के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। भारत का ये रुख ऐसे ही नहीं है, इसके पीछे बड़ा कारण है। एसबीआई रिसर्च की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ डेयरी



## ग्लोबल एजुकेशन सिनेरियो में सियोल ने लंदन को पछाड़कर नंबर वन

लंदन। दुनिया में पढ़ाई के बेस्ट शहरों की साल 2026 की क्यूएस रैंकिंग में नंबर वन की पोजिशन पर कायम लंदन को सियोल ने पछाड़ दिया है। लंदन पिछले छह साल से टॉप पर बना हुआ था। लेकिन इस साल यह तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। इस साल की लिस्ट में दक्षिण कोरिया का सियोल शहर पहले नंबर पर पहुंच गया है। दूसरे पायदान पर जापान का टोक्यो शहर है। साल 2026 की क्यूएस रैंकिंग की इस ताजा रैंकिंग में भारत के चार शहरों ने टॉप 130 में जगह बनाई है। ये शहर हैं- दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और चेन्नई। राजधानी दिल्ली को पढ़ाई के लिहाज से दुनिया का सबसे किफायती शहर चुना गया है। इस साल की रैंकिंग ग्लोबल एजुकेशन सिनेरियो में बड़े बदलाव का संकेत है जिसमें सियोल ने लंदन को पछाड़कर नंबर वन शहर का खिताब अपने नाम कर लिया है।

### पुतिन से झल्लाए ट्रंप का जेलेंस्की को ऑफर!

## हथियार दूं तो मॉस्को पर हमला करोगे?

नई दिल्ली।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से एक निजी फोन कॉल के दौरान मॉस्को पर हमला करने की बात कही। उन्होंने कथित तौर पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से पूछा कि अगर अमेरिका उन्हें लंबी दूरी के हथियार मुहैया कराए तो क्या वो रूस की राजधानी मास्को पर हमला कर सकते हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत 4 जुलाई को हुई थी। ट्रंप की यह बातचीत रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के उनके वादे से बिल्कुल अलग है जिसमें वो युद्ध को और अधिक भडक़ाने की बात कर रहे हैं। जेलेंस्की से बातचीत से ठीक एक दिन पहले ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी। कथित तौर पर



पुतिन से ट्रंप की बातचीत सफल नहीं रही थी जिसके बाद ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति के साथ बातचीत को खराब बताया था।

### रूस-यूक्रेन जंग में सीजफायर अब दूर की कौड़ी

ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता कराने का वादा कर सत्ता में आए थे और उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति बनने के 24 घंटे के अंदर वो युद्ध रुकवा देंगे लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका है। ट्रंप चाहते हैं कि जल्द से जल्द रूस-यूक्रेन युद्ध रुक जाए और इसी बीच नोबेल पुरस्कार के लिए उनका नॉमिनेशन भी हुआ है।

### मप्र में अब तक 18 इंच पानी गिरा...

## जुलाई में ही डैम ओवरफ्लो, ग्वालियर, शाजापुर में बारिश, रायसेन में सडक़ों पर भरा पानी

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।

मप्र में 16 जून को मानसून की एंट्री के बाद अब तक प्रदेश में 18 इंच बारिश हो चुकी है। कई जिलों में बाढ़ के हालात है। मंगलवार को दोपहर के बाद ग्वालियर, शाजापुर समेत 9 जिलों में तेज पानी गिरा। रायसेन में 20 मिनट की बारिश में सडक़ों पर पानी भर गया। प्रदेश में अब तक कोटे की आधी बारिश हो चुकी है। निवाड़ी में तो 103 प्रतिशत तक पानी गिर चुका है। मंडला, टीकमगढ़ में भी बारिश का कोटा 75 प्रतिशत तक फुल हो गया है। अगले 4 दिन यानी 18 जुलाई तक तेज बारिश का दौर चलेगा। मप्र के जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, मंडला, श्योपुर, सिवनी, उमरिया, छतरपुर समेत कई जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। इस कारण इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे रहे। मकान-दुकानों से लेकर अस्पताल तक में पानी भर गया। वहीं, नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर रही। राजस्थान में भारी बारिश से 16 की मौत

राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश में बरसात के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 24 घंटे में 16 लोगों की मौत हो गई। कोटा में प्रदेश में सबसे ज्यादा 198 एमएम बारिश हुई। यहां कोटा बैराज के 12 गेट खोले गए हैं। मप्र में मानसून जमकर बरस रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## राजनीति में पढ़ाई का महत्व है

पढ़ाई किसी भी क्षेत्र में केवल शिक्षा ग्रहण नहीं करना है बल्कि हमें शिक्षक से गुणवान बनाता है जो जीवन में जरुरी है ख़ासकर आज के तकनिकी युग में हालांकि चुनाव एक लोकतान्त्रिक प्रक्रिया है इसमें लागू नहीं होता है लेकिन यदि पढ़ा लिखा होगा तो भविष्य में उसे अवश्य ही काम आएगा मैं एक सेमिनार में मुख्य अथिति के रूप में 2016 में सिवनी गया जहाँ सभी डॉ थे और हमें उनके व्यवहार से ऐ सिखने क़ो मिला पीच्डी आपके लिए काफी मायने रखती है हालांकि आर्ट और साइंस में करना उतना टफ नहीं है जितना इंजीनियरिंग में क्योंकि बीटेक ही एक टफ कोर्स है इंडिया में शिक्षा विदेशों से काफी बेहतर है जिसमें संस्कार क़ो भी एक आदर्श के रूप में देखा जाता है यह हमें चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना में देखने क़ो मिला जहाँ छात्र शिक्षक क़ो पैर छूते नजर आए यही हमारी संस्कृति है जो बड़ो का सम्मान करना और सही वक्तव्य देना उचित होता है जहाँ तक राजनीती का सवाल है अब उसमें भी पढ़े लिखें लोग शामिल हो रहें है जो पूर्व में आईएएस रहें हैं जैसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राजीव प्रताप रूड़ी, केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और शशि थरूर जैसे कई अनुभवी नेता हैं देश क़ो चलाने के लिए मंत्रालय होता है और उसके लिए सरकार द्वारा चुनाव में जीते गए एमपी या राज्य सभा के सांसद होते हैं मंत्री पद भी उनकी योग्यता के अनुसार देने की कोशिश होती है जैसे स्वास्थ्य मंत्रालय में डॉ और न्याय मंत्रालय में एल एल बी होता है मंत्री के निचे 1या दो राज्य मंत्री होते हैं और उस मंत्रालय का सचिव जो आईएएस रैंक का या उस क्षेत्र से सम्बंधित उच्च संस्थान में निदेशक हो जैसे विज्ञान और प्रोधोगिकी मंत्रालय के सचिव प्रोफेसर अभय कराणदीकर जी है हैं जो आई आई टी, कानपुर के फॉर्मर डायरेक्टर थे इसी तरह अन्य विभाग में होता है उसे उस क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होता है अतः वह विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करता है अभी हाल ही में अमेरिका में यूक्रेन क़ो हथियार के मदद में राष्टपति ट्रम्प के आदेश के बाद भी रक्षा सचिव ने वहाँ से बापस मंगा लिया क्योंकि ऑडिट करना कारण बताया गया अतः सरकार सचिव के मामलों में दखल नहीं देती है क्योंकि वो कैबिनेट से चुने जाते है अतः यदि मंत्री पढ़ा लिखा होगा तो उस क्षेत्र का सही ज्ञान होगा और विदेश में किसी भी समझौता में बहुत सोच समझ कर जबाब देगा हाल ही में भारत में रक्षा के क्षेत्र में उप सेना प्रमुख राहुल आर. सिंह 4 जुलाई, 2025 को फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हम सिर्फ पाकिस्तान से नहीं बल्कि तीन फ्रंट पर लड़ाई कर रहें थे जिसमें पाकिस्तान के साथ तुर्की भी शामिल था इसमें सेना पर गर्व करना चाहिए कि सेना की ताकत और भविष्य में रक्षा कूटनीति की की नितांत आवश्यकता है और रूस से सम्बन्ध यदि ठीक नहीं है तो उसे सुधारने की जरुरत है इसलिए शायद सरकार ने शशि थरूर क़ो रूस भेजा अमेरिका कभी मदद नहीं करेगा इसका पुराना इतिहास रहा है हालांकि इजराइल ने मदद की है जैसे अन्य स्त्रोत से मालूम हुआ है अतः भारत ने इसलिए ईरान और इजराइल के युद्ध में दुरी बना लीं अब विदेश नीति क़ो सुधार करने की जरुरत है क्योंकि हम अभी भी रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है ऐ तो पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी का 1998 में अमेरिका क़ो ताक में रख कर परमाणु परीक्षण किया जिसका हवाला ट्रम्प ने दिया कि भारत में सीजफायर इसलिए कराया ताकि परमाणु युद्ध ना हो जाये और जब पता लगा की पाकिस्तान का परमाणु बम किसी और देश अमेरिका के नियंत्रण में है तो प्रधानमंत्री जी ने राष्ट के नाम पर पाकिस्तान क़ो सीधा संदेश दिया कि परमाणु ब्लैक मेल नहीं चलेगी ऐसा भारत के इतिहास में पहली बार किसी प्रधानमंत्री जी ने राष्ट के नाम संदेश में दिया यदि हर किसी के कार्य के बारे में चर्चा करे इससे पहले अपने बारे में चर्चा से आज के हालत में पढ़ाई की कीमत क़ो पहचाने आज तकनिकी युग है

शुरू से हमलोगों का पेशा नौकरी करना नहीं रहा है लेकिन समय बदलते ही ऐ समझ गया आने वाला समय टेक्नोलॉजी का है इसलिए भाई क़ो इंजीनियरिंग करने क़ो प्रोत्साहित किया और इसप्रकार समाज में योग्यता के बल पर मान सम्मान मिला पहले हमारे बुजुर्ग लोग पूजा पाठ और लोगों की समस्या क़ो हल करते थे कई अपने रिश्तेदार में समाधि भी लगाई है विंध्याचल से लेकर वृन्दावन में हमारे रिश्तेदार रहते हैं हमें रामायण की शिक्षा दादाजी से मिली और बाद में प्रभु राम के महत्व क़ो जाना अतः नेगेटिव और पोजेटिव दोनों का होना जरुरी है पोजटिव पाना है तो नेगेटिविटी गतिविधियों क़ो मन में आने ही ना दें अच्छा कर्म,मानवता ही पोजटिव का स्त्रोत है हमारे परिवार में आज भी लोग खुद पूजा पाठ करते हैं जो पोजटिव एनर्जी देती है अतः पढ़ना जरुरी है देश में पढ़े लिखें लोगों क़ो ही वोट देना प्रदेश या देशहित में होता है क्योंकि इससे उसे अपने व्यवहार और समस्या क़ो हल करने में सहूलियत होती है नीतीश कुमार जो वर्तमान में बिहार के सीएम हैं वो एन आईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री किए है इसलिए बिहार का विकास हुआ और खुद प्रशांत किशोर जन सूराज पार्टी के नेता तेजस्वी यादव जो महागठबंधन के लिए बिहार में अगले चुनाव में अपने मुख्यमंत्री की दावेदारी कर रहें हैं 9वीं फेल है यह मंच पर बताने की जरुरत नहीं थी बिहार के लोग खुद जानते हैं क्योंकि जब जेडीयू और आरजेडी के गठबंधन से 2015 में सरकार बनी थी तब गली गली में लोग कह रहें थे कि तेजस्वी यादव क़ो उपमुख्यमंत्री बनाया गया जो 9 वीं फेल हैं बिहार में कुछ भी छिपता नहीं है वहाँ शाम में लोग चाय पर निकलते हैं और यही सब चर्चा चलती है जब 2014 में एक चाय बेचने वाला जो एनडीए के हमेशा खिलाफ रहा तो मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने पर बहुत खुश हुआ कि चाय बेचने वाला जब प्रधान मंत्री बन सकता है तो लोकतंत्र में क़ोई भी देश का सच्चा सेवक क्यों नहीं बन सकता लेकिन तेजस्वी यादव और राहुल गाँधी ने कभी भगवान श्री राम पर खुले दिल से उनके प्रशंसा के क़ोई भी बात नहीं कहा इसलिए ऐ सब बिहार चुनाव में क़ोई मायने नहीं रखती क्योंकि वहाँ की जनता क़ो सब मालूम है.अतः बोलचाल और चुनाव में गमछा हिलाने से ही पता चल जाता है कि क्या है पढ़ाई से जो उस मंत्रालय के सचिव या आई पी एस ऑफिसर होते हैं उन्हें एक सम्मान मिलता है इसलिए इसे किसी मंच पर मुद्दा बनाना सही नहीं है इतने दिनों से नीतीश कुमार ने कभी उसकी योग्यता पर प्रश्न नहीं किया और काम करते चले गए लेकिन आज कल बिहार में कारोबारी की हत्या होना भी सही नहीं है प्रशासन क़ो ध्यान देना चाहिए क्योंकि इससे सरकार क़ो घेरने का विपक्ष क़ो मौका मिलता है।

# मानवता शर्मसार है पुर्णिया टेटगामा कांड से

*“आज़ादी के 78 वर्षों बाद भी टेटगामा जैसे गांवों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है,और अंधविश्वास के नाम पर दलित–आदिवासी समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। भाकपा–माले मांग की है कि राज्य सरकार इस घटना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित न्याय और ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करे। महिला समाज ने चेतावनी दी कि पूर्णिया में एक ही परिवार की तीन महिला समेत 5 लोगों को डायन के नाम पर जिंदा जला देने के खिलाफ महिला समाज करेगा आंदोलन। बिहार महिला समाज की अध्यक्ष निवेदिता झा ने कहा है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए और इस तरह की क्रूर घटनाओं को गंभीरता से लिया जाय। सामाजिक संगठन निरंतर के आंकड़े के अनुसार हर साल बड़ी संख्या में डायन के नाम पर मारी जाती हैं महिलाएं।”*

**बिहार के** पूर्णियां जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया।

डायन प्रथा की भेंट चढ़ गई पांच जिंदगी। पूर्णिया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टेटगामा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें तीन महिलाएं शामिल थीं। इस घटना में आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को डायन बताकर पहले उनकी बेरहमी से पिटाई की और फिर जिंदा जला दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक तांत्रिक भी शामिल है।



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। इस नरसंहार में बाल-बाल बचे परिवार के सदस्य सोनू (15वर्ष) ने भागकर अपनी जान बचाई। सोनू ने उस नरसंहार की आंखों देखी बताई तो पुलिस सक्रिय हुई और घंटो मशक्कत के बाद डॉग स्क्वाड की मदद से जले हुए शवो को जलकुंभी से बरामद किया गया।

मृतकों में परिवार का मुखिया बाबू लाल उरांव (40), पत्नी सीता देवी (35),बूढ़ी मां सातो देवी (65) ,बेटा मंजीत (25)और उसकी पत्नी रानी देवी(20)शामिल है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से गांव के सभी लोग फरार हैं और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

पूर्णिया जिले के पूर्व प्रखंड स्थित टेटगामा गांव में उरांव जनजाति के करीब 50 परिवार निवास करते हैं, जिनकी जनसंख्या लगभग 300 है। इस गांव में अन्य जातियों के लोग भी रहते हैं। लेकिन उरांव समुदाय के लोग अधिकतर एक-दूसरे के पास रहते हैं। करीब दस दिन पहले रामदेव उरांव के एक बेटे की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। उसके बाद दूसरा बेटा भी बीमार पड़ गया। इसी क्रम में रामदेव को संदेह हुआ कि उसके बेटे की मौत और दूसरे बेटे की बीमारी के पीछे किसी डायन का हाथ है। संदेह की सुई बाबूलाल की मां सातो देवी और उसकी पत्नी सीता देवी पर गई। रामदेव ने इन्हें जादू-टोना करने वाली महिलाएं यानी डायन घोषित कर दिया। गांववालों ने भी अंधविश्वास के चलते उनकी बात मान ली। जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का फैसला लिया गया। उसमें इस बात को प्रमाण के तौर पर रखा गया कि ओझाओं की भी राय है कि बाबूलाल की मां और पत्नी डायन है।

आज भी आदिवासी समाज में झाड़-फूंक और ओझा-भगतों की बातों पर अंधविश्वास व्याप्त है। बीमारी होने पर डॉक्टर के पास जाने की बजाय लोग ओझाओं के पास जाते हैं, जो अक्सर बीमारी की जड़ डायन को बताते हैं। ओझा की कही हुई बात को अंतिम सत्य मान लिया जाता है। बताया जाता है कि जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का निर्णय लिया गया, वहां ओझाओं की राय को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया गया। ओझाओं ने सातो देवी और उसकी बहू सीता देवी को डायन बताया, जिसके आधार पर यह अमानवीय फैसला लिया गया।

आदिवासी समाज में डायन प्रथा एक पुराना और खतरनाक अंधविश्वास है। किसी महिला को डायन घोषित करने के पीछे कई सामाजिक पूर्वाग्रह होते हैं. जैसे उम्रदराज होना, चेहरा विकृत हो जाना, बार-बार बुदबुदाना, क्रोधित स्वभाव, या अत्यधिक पूजा-पाठ में लिप्त रहना। सातो देवी इन सभी पूर्वाग्रहों पर खरा उतरती थीं। इसलिए उन्हें डायन मान लिया गया। समाज में यह मान्यता भी प्रचलित है कि डायन का ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होता है। यही कारण रहा कि सातो देवी के साथ-साथ उनकी बहू सीता देवी और फिर उसकी बहू रानी देवी.. तीनों को डायन मानकर जिंदा जला दिया गया।

त्रासदी का सबसे भयावह पहलू यह है कि पीड़ित और अपराधी सभी एक ही समुदाय के थे। आपस में रिश्तेदार भी। लेकिन अशिक्षा, अंधविश्वास और सामाजिक कुंठाओं के अंधेरे में डूबी भीड़ ने रिश्तों, मानवता और कानून सब कुछ रौंद दिया। टेटगामा गांव की यह घटना इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है, जो यह बताती है कि जब अंधविश्वास हावी हो जाता है, तो इंसानियत दम तोड़ देती है। डायन प्रथा जैसे अमानवीय अंधविश्वास पर कानून के साथ-साथ समाज को भी सख्ती से चोट करनी होगी।

‘डायन हत्या’ और ‘अंधविश्वास’ कहना काफी नहीं यह पूरे सिस्टम की विफलता है। तत्काल इसे डायन हत्या और अंधविश्वास का मामला बता कर बिहार सरकार और वहां का प्रशासन अपनी आपराधिक लापरवाही से मुक्त नहीं हो सकता। यह पूरे सिस्टम की विफलता है और ‘सुशासन बाबू’ के सुशासन की पोल खोलता है। आदिवासियों को अंधविश्वासी बताना आसान होता है। नये सिरे से उस समाज को पिछड़ा और अंधविश्वास की गिरफ्त में फंसा बताने का एक अवसर मिल जाता है अभिजात और तथाकथित विकसित और सभ्य होने का दावा करने वाले समाज को। अभी पूरे मामले की सही पड़ताल भी नहीं हुई है, लेकिन घटना स्थल से महज कुछ किमी दूर रहने वाली पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचते ही इसे डायन हत्या और आदिवासियों के अंधविश्वास का मामला बता कर अपनी तरह से राहत की सांस ले ली। डायन हत्या को लेकर कानून भी बनाया गया है। एक स्वयंसेवी संगठन ने वर्षों पहले इससे जुड़े सैकड़ों मामलों का अध्ययन किया था और अधिकतर मामलों में जमीन विवाद पाया था। यानि, किसी परिवार में एकल महिला रह गयी तो उसे डायन कह कर रास्ते से हटाने का षडयंत्र। परिवार में ही आपस में लड़ाई और किसी की नजर किसी की संपत्ति पर तो ‘डायन’ घोषित कर उसे मारने का षडयंत्र। डायन घोषित करने का तरीका भी बहुत सीधा सादा है। गांव समाज में झाड़ फूंक से इलाज करने वाला, भगत होता है। सामान्यतः किसी की मौत, बच्चे की मौत हो जाती है। फिर भगत बताता है कि उसकी मौत की वजह कोई दुष्ट आत्मा या डायन के द्वारा किया गया जादू टोना है। वह उसकी तरफ संकेत भी कर देता है। और फिर जिसे डायन कहा गया, उस परिवार का उत्पीड़न शुरु हो जाता है। जिसकी परिणती अंत में उसकी हत्या से होती है। इसके मूल में एक आपराधिक मामला ही होता है और ‘अंधविश्वास’ से जोड़ देने मात्र से स्थानीय प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो जाता। हत्या जैसे कृत के पहले इस तरह की बातें, किसी को डायन या पूरे परिवार को तंत्र मंत्र, जादू टोना करने वाला बताने वाली अफवाहे तैरती रहती हैं। इस घटना के बारे में तो कहा जाता है कि बजावते गांव की बैठक हुई, एक परिवार को डायन घांषित किया गया और उसे मार डालने का निर्णय लिया गया। इस तरह की बातें पुलिस तक पहुंच भी जाती हैं तो इसे आदिवासियों और उनके अंधविश्वास का मामला मान कर प्रशासन, पुलिस सुस्त पड़ जाता है, जबकि और भी तीव्रता से काम करने की जरूरत रहती है। हिंदू समाज के तमाम महंत, साधु चमत्कारी पुरुष ही होते हैं।

ग्रामीण इलाकों में अस्पताल नहीं, डाक्टर नहीं, इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं, झोला टाईप डाक्टरों और झाड़ फूंक करने वालों पर निर्भर रहते हैं ग्रामीण। केवल आदिवासी समाज में नहीं, मुस्लिम, ईसाई सभी समाज में चमत्कार से इलाज होता है और उसकी एक प्रमुख वजह चिकित्सा व्यवस्था का नदारत होना है।

बिहार और झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में कहीं इलाज की सरकारी व्यवस्था नहीं दिखेगी। झोला टाईप डाक्टर या फिर रक्त चूसने वाले निजी डाक्टरों की क्लिनिक। झक मार कर ओझा, गुनी, तंत्र-मंत्र करने वाले, झाड़ फूंक करने वाले इसी शून्यता से निकलते हैं। पूर्णिया जिला के रजीगंज पंचायत अंतर्गत टेटगामा गांव में अंधविश्वास के नाम पर हुई सामूहिक हत्या की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए भाकपा-माले पूर्णिया जिला कमेटी ने 10 जुलाई को एक पांच सदस्यीय जांच दल गठित किया। जांच दल में कां. सुलेखा देवी (राज्य कार्यकारिणी सदस्य, ऐपवा), कां. संगीता देवी, कां. सीता देवी (जिला कार्यकर्ता, ऐपवा), कां. इस्लाम उद्दीन और कां. मोख्तार (जिला नेता, भाकपा-माले) शामिल थे। जांच दल ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से बातचीत की और तथ्यों की जांच की।

इस मामले में मुख्य आरोपितरामदेव उरांव, छोटुआ उरांव, नकुल उरांव, संतलाल उरांव, केशव उरांव (सभी टेटगामा गांव निवासी)इन लोगों ने भीड़ के साथ मिलकर पांचों को जिंदा जला दिया और शवों को गायब कर दिया गया। बाद में पुलिस द्वारा खोजी कुत्ते की मदद से तीन शव बरामद किए गए। मृतक कातो देवी के चार बेटे अभी जीवित हैं- खुबीलाल उरांव, अर्जुन उरांव, जितेंद्र उरांव और जगदीश उरांव। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से पूरा परिवार दहशत में है और लगातार धमकियां दी जा रही हैं,÷अगर गवाही दोगे तो तुम्हें भी जिंदा जला देंगे। ÷ भाकपा-माले ने मांग की है कि इस जनसंहार में शामिल सभी अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बचे हुए परिजनों को सुरक्षा प्रदान की जाए, विशेषकर चश्मदीद गवाह सोनू उरांव की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए तथा सोनू उरांव को सुरक्षित स्थान पर पक्का मकान उपलब्ध कराया जाए। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए डायन कुप्रथा विरोधी कड़ा कानून बनाया जाए। सरकार गांव में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाएं तत्काल मुहैया कराए। अंधविश्वास के खिलाफ राज्यस्तरीय जागरूकता अभियान चलाया जाए। जांच दल ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह घटना केवल अंधविश्वास नहीं, बल्कि संगठित हिंसा और सामाजिक अन्याय का परिणाम है।

## राजनीति में पढ़ाई का महत्व है

**पढ़ाई किसी** भी क्षेत्र में केवल शिक्षा ग्रहण नहीं करना है बल्कि हमें शिक्षक से गुणवान बनाता है जो जीवन में जरुरी है ख़ासकर आज के तकनिकी युग में हालांकि चुनाव एक लोकतान्त्रिक प्रक्रिया है इसमें लागू नहीं होता है लेकिन यदि पढ़ा लिखा होगा तो भविष्य में उसे अवश्य ही काम आएगा मैं एक सेमिनार में मुख्य अथिति के रूप में 2016 में सिवनी गया जहाँ सभी डॉ थे और हमें उनके व्यवहार से ऐ सिखने क़ो मिला पीच्डी आपके लिए काफी मायने रखती है हालांकि आर्ट और साइंस में करना उतना टफ नहीं है जितना इंजीनियरिंग में क्योंकि बीटेक ही एक टफ कोर्स है इंडिया में शिक्षा विदेशों से काफी बेहतर है जिसमें संस्कार क़ो भी एक आदर्श के रूप में देखा जाता है यह हमें चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना में देखने क़ो मिला जहाँ छात्र शिक्षक क़ो पैर छूते नजर आए यही हमारी संस्कृति है जो बड़ो का सम्मान करना और सही वक्तव्य देना उचित होता है जहाँ तक राजनीती का सवाल है अब उसमें भी पढ़े लिखें लोग शामिल हो रहें है जो पूर्व में आईएएस रहें हैं जैसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राजीव प्रताप रूड़ी, केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और शशि थरूर जैसे कई अनुभवी नेता हैं देश क़ो चलाने के लिए मंत्रालय होता है और उसके लिए सरकार द्वारा चुनाव में जीते गए एमपी या राज्य सभा के सांसद होते हैं मंत्री पद भी उनकी योग्यता के अनुसार देने की कोशिश होती है जैसे स्वास्थ्य मंत्रालय में डॉ और न्याय मंत्रालय में एल एल बी होता है मंत्री के निचे 1या दो राज्य मंत्री होते हैं और उस मंत्रालय का सचिव जो आईएएस रैंक का या उस क्षेत्र से सम्बंधित उच्च संस्थान में निदेशक हो जैसे विज्ञान और प्रोधोगिकी मंत्रालय के सचिव प्रोफेसर अभय कराणदीकर जी है हैं जो आई आई टी, कानपुर के फॉर्मर डायरेक्टर थे इसी तरह अन्य विभाग में होता है उसे उस क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होता है अतः वह विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करता है अभी हाल ही में अमेरिका में यूक्रेन क़ो हथियार के मदद में राष्टपति ट्रम्प के आदेश के बाद भी रक्षा सचिव ने वहाँ से बापस मंगा लिया क्योंकि ऑडिट करना कारण बताया गया अतः सरकार सचिव के मामलों में दखल नहीं देती है क्योंकि वो कैबिनेट से चुने जाते है अतः यदि मंत्री पढ़ा लिखा होगा तो उस क्षेत्र का सही ज्ञान होगा और विदेश में किसी भी समझौता में बहुत सोच समझ कर जबाब देगा हाल ही में भारत में रक्षा के क्षेत्र में उप सेना प्रमुख राहुल आर. सिंह 4 जुलाई, 2025 को फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हम सिर्फ पाकिस्तान से नहीं बल्कि तीन फ्रंट पर लड़ाई कर रहें थे जिसमें पाकिस्तान के साथ तुर्की भी शामिल था इसमें सेना पर गर्व करना चाहिए कि सेना की ताकत और भविष्य में रक्षा कूटनीति की की नितांत आवश्यकता है और रूस से सम्बन्ध यदि ठीक नहीं है तो उसे सुधारने की जरुरत है इसलिए शायद सरकार ने शशि थरूर क़ो रूस भेजा अमेरिका कभी मदद नहीं करेगा इसका पुराना इतिहास रहा है हालांकि इजराइल ने मदद की है जैसे अन्य स्त्रोत से मालूम हुआ है अतः भारत ने इसलिए ईरान और इजराइल के युद्ध में दुरी बना लीं अब विदेश नीति क़ो सुधार करने की जरुरत है क्योंकि हम अभी भी रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है ऐ तो पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी का 1998 में अमेरिका क़ो ताक में रख कर परमाणु परीक्षण किया जिसका हवाला ट्रम्प ने दिया कि भारत में सीजफायर इसलिए कराया ताकि परमाणु युद्ध ना हो जाये और जब पता लगा की पाकिस्तान का परमाणु बम किसी और देश अमेरिका के नियंत्रण में है तो प्रधानमंत्री जी ने राष्ट के नाम पर पाकिस्तान क़ो सीधा संदेश दिया कि परमाणु ब्लैक मेल नहीं चलेगी ऐसा भारत के इतिहास में पहली बार किसी प्रधानमंत्री जी ने राष्ट के नाम संदेश में दिया यदि हर किसी के कार्य के बारे में चर्चा करे इससे पहले अपने बारे में चर्चा से आज के हालत में पढ़ाई की कीमत क़ो पहचाने आज तकनिकी युग है

शुरू से हमलोगों का पेशा नौकरी करना नहीं रहा है लेकिन समय बदलते ही ऐ समझ गया आने वाला समय टेक्नोलॉजी का है इसलिए भाई क़ो इंजीनियरिंग करने क़ो प्रोत्साहित किया और इसप्रकार समाज में योग्यता के बल पर मान सम्मान मिला पहले हमारे बुजुर्ग लोग पूजा पाठ और लोगों की समस्या क़ो हल करते थे कई अपने रिश्तेदार में समाधि भी लगाई है विंध्याचल से लेकर वृन्दावन में हमारे रिश्तेदार रहते हैं हमें रामायण की शिक्षा दादाजी से मिली और बाद में प्रभु राम के महत्व क़ो जाना अतः नेगेटिव और पोजेटिव दोनों का होना जरुरी है पोजटिव पाना है तो नेगेटिविटी गतिविधियों क़ो मन में आने ही ना दें अच्छा कर्म,मानवता ही पोजटिव का स्त्रोत है हमारे परिवार में आज भी लोग खुद पूजा पाठ करते हैं जो पोजटिव एनर्जी देती है अतः पढ़ना जरुरी है देश में पढ़े लिखें लोगों क़ो ही वोट देना प्रदेश या देशहित में होता है क्योंकि इससे उसे अपने व्यवहार और समस्या क़ो हल करने में सहूलियत होती है नीतीश कुमार जो वर्तमान में बिहार के सीएम हैं वो एन आईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री किए है इसलिए बिहार का विकास हुआ और खुद प्रशांत किशोर जन सूराज पार्टी के नेता तेजस्वी यादव जो महागठबंधन के लिए बिहार में अगले चुनाव में अपने मुख्यमंत्री की दावेदारी कर रहें हैं 9वीं फेल है यह मंच पर बताने की जरुरत नहीं थी बिहार के लोग खुद जानते हैं क्योंकि जब जेडीयू और आरजेडी के गठबंधन से 2015 में सरकार बनी थी तब गली गली में लोग कह रहें थे कि तेजस्वी यादव क़ो उपमुख्यमंत्री बनाया गया जो 9 वीं फेल हैं बिहार में कुछ भी छिपता नहीं है वहाँ शाम में लोग चाय पर निकलते हैं और यही सब चर्चा चलती है जब 2014 में एक चाय बेचने वाला जो एनडीए के हमेशा खिलाफ रहा तो मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने पर बहुत खुश हुआ कि चाय बेचने वाला जब प्रधान मंत्री बन सकता है तो लोकतंत्र में क़ोई भी देश का सच्चा सेवक क्यों नहीं बन सकता लेकिन तेजस्वी यादव और राहुल गाँधी ने कभी भगवान श्री राम पर खुले दिल से उनके प्रशंसा के क़ोई भी बात नहीं कहा इसलिए ऐ सब बिहार चुनाव में क़ोई मायने नहीं रखती क्योंकि वहाँ की जनता क़ो सब मालूम है.अतः बोलचाल और चुनाव में गमछा हिलाने से ही



## दादाजी धाम मंदिर में सावन माह के प्रथम सोमवार को भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक किए गए

दादाजी धाम मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चेरीटेबल ट्रस्ट के द्वारा सावन माह भगवान शिव का प्रिय दिन प्रथम सोमवार को पंडित जी द्वारा यजमान को विधि विधान से चंद्रदोष के लिए दूध से भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक किये गए। भगवान शिव के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर रात्रि तक आते रहे। इसी प्रकार प्रतिदिन सावन मास में भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक दादाजी धाम मंदिर में किए जा रहे हैं। इसमें आप सभी भक्त लोग शामिल होकर पूर्ण लाभ प्राप्त करें। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सावन मास में ही भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। सावन के चारों सोमवार को श्रद्धा और नियम से पूजन करने पर भगवान शिव और माता पार्वती आपकी हर कठिनाई को हर सकते हैं और मनोकामना को पूरी करते है।

## बेबी केयर टेकर को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**बडवानी**

मिसरोद इलाके में बेबी केयर टेकर को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने अपने भाई के ऑफिस में उसे अपनी हवस का शिकार बनाया इसके बाद वह लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। बीते दिनों जब पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया तब आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार राजधानी में रहने वाली 24 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया की वह बेबी केयर टेकर का काम करती है। उसकी पूर्व में शादी हो चुकी है, पति उसके साथ मारपीट करता था, तंग आकर वह पति से दूर रहने लगी। अक्टूबर 2024 में काम के दौरान उसकी पहचान जाटखेड़ी में रहने वाले आकाश गागले से हुई थी। वह टाइल्स की दुकान पर काम करता है। उसने महिला से नजदीकियां बढ़ाते हुए उसे शादी करने का झांसा दिया। पीड़ता ने जब अपनी सहमति दे दी इसके बाद नवंबर 2024 में वह उसे घुमाने के बहाने मिसरोद स्थित अपने भाई के ऑफिस ले गया। वहां आरोपी ने जल्द शादी करने का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बना डाले। इसके बाद आरोपी लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। कुछ दिन पहले जब पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया तब उसने शादी करने से इंकार करते हुए उससे दुरियां बना ली। काफी कोशिश के बाद भी जब आरोपी उसके साथ शादी करने से इंकार करता रहा तब मामला थाने जा पहुंचा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आकाश गागले (20) के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्युत फॉल्ट के कारण बंद किये गये थे कक्ष

**भोपाल।** एप्को के प्रशासनिक अधिकारी मनोहर पाटिल ने बताया कि पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) कार्यालय भवन में रविवार 13 जुलाई के दिन विद्युत फॉल्ट आने के कारण सिया अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों के कक्ष बंद किये गये थे। प्रारंभिक सुधार के बाद सोमवार 14 जुलाई को कुछ समय बाद कक्ष पुनः खोल दिये गये।

### पंकज मिश्रा को पीएचडी की उपाधि

**भोपाल।** सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा पंकज मिश्रा को उनके शोध कार्य जनसामान्य में कानून संबंधी खबरों के प्रति रूचि एवं जागरुकता के प्रसार में समाचार पत्रों की भूमिका (भोपाल के समाचार पत्रों के संदर्भ में) विषय पर उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य के लिए पीएचडी की उपधि प्रदान की है। गौरतलब है कि पंकज मिश्रा ने अपना शोध कार्य मीडिया विशेषज्ञ, वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया स्टडीज के प्रोफेसर डॉ. नीरज कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में सफलतापूर्व पूर्ण किया। पंकज मिश्रा लोक सेवा प्रबंधन में मैनेजर (प्रशासन) एवं विधि विषय के जानकार हैं। मिश्रा पब्लिक रिलेशंस सोसासटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) भोपाल के सचिव एवं नेशनल काउंसिल के सदस्य हैं। इस उपलब्धि पर उन्हें पीआरइसआई एवं एमसीयू के सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### नई भर्ती में 50 फीसदी आरक्षण की मांग

**भोपाल।** सरकारी विभागों में ज्यादातर कार्य आउटसोर्स कर्मचारी के जिम्मे चल रहा है। बिजली जैसे महत्वपूर्ण विभाग में प्रदेश में 55 से 60 हजार आउटसोर्स कर्मचारी व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन वर्षों कर रहे हैं। अब ऊर्जा विभाग की ओर से 49 हजार पदों पर नई भर्ती की घोषणा के साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए गुहार लगाई है कि वह वर्षों से पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहे हैं, उन्हें 50 फीसदी आरक्षण दिया जावे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिजली कंपनियों में नई भर्ती के लिए कैबिनेट बैठक में निर्णय ले लिया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर बिजली कर्मचारियों की भर्ती को लेकर लगातार प्रयास कर रहे थे। इधर बिजली कंपनियों में लगातार कर्मचारी सेवानिवृत्ति हो रहे हैं और काम का बोझ सीधा आउटसोर्स कर्मचारी पर होने से नई समस्याओं का सृजन हो रहा है। मध्यप्रदेश में 6 बिजली कंपनियां हैं। यहां पर तकरीबन 55 से 60 हजार आउटसोर्स कर्मचारी अलग-अलग पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। इनमें 60 फीसदी पद तो ऐसे हैं, जो लाइन स्टाफ और लाइनमैन जैसे महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा है।

### भोपाल में टैक्सी यूनियन की हड़ताल का मिला-जुला असर

**भोपाल।** राजधानी में टैक्सी यूनियन की हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला। यूनियन ने भले ही 2500 टैक्सियों के पहिए थमने का दावा किया था, लेकिन जमीनी हालात कुछ और है। जानकारी के मुताबिक अब तक 400 से 500 टैक्सियां ही हड़ताल में शामिल हुई, जबकि बाकी टैक्सियां सड़कों पर नजर आईं या फिर ऐप आधारित सेवा में सक्रिय रहीं। जिन यात्रियों को टैक्सी नहीं मिली उन्होंने ई-रिक्शा और कुछेक खुले ऑटो का सहारा लिया, लेकिन इन चालकों ने मौके का फायदा उठाते हुए 2 से 3 गुना ज्यादा किराया वसूलना शुरू कर दिया। भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्री मोहम्मद जावेद ने बताया कि वह जुमराती बाजार से स्टेशन पहुंचे हैं और उनसे 80 रुपए किराया वसूला गया। जबकि आम दिनों में यह सफर 35 से 40 रुपए में पूरा हो जाता है। वहीं, अंबेडकर जयंती पार्क में हड़ताल के समर्थन में टैक्सी चालकों और यूनियन पदाधिकारियों का जमावड़ा हुआ। यूनियन पदाधिकारियों ने मंच से सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और मांगों को दोहराया। टैक्सियां बंद होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, खासतौर पर स्टेशन, एयरपोर्ट और बस स्टैंड पर। उन्हें साधन तो मिलने पर किराया अधिक देना पड़ा। किराए में बढ़ोतरी को लेकर किसी तरह की प्रशासनिक निगरानी नजर नहीं आई। यूनियन के राष्ट्रीय सचिव नफीसउद्दीन ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन राजधानी सहित प्रदेशभर के टैक्सी चालकों की उपेक्षा और शोषण के खिलाफ है।


# वैश्विक टेक्सटाइल हब के रूप में मध्यप्रदेश को स्थापित करने की दिशा में अहम पहल

**इंदौर**

दुबई दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टेक्सटाइल मर्चेंट्स ग्रुप (TEXMAS) के मुख्यालय का भ्रमण किया और दुबई के प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर उद्योग एवं निवेश से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा की। इस उच्च स्तरीय संवाद का उद्देश्य भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) के तहत कपड़ा क्षेत्र में व्यापार, नवाचार और निवेश के अवसरों को सशक्त बनाना है।

टेक्समास की स्थापना 1990 में दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संरक्षण में हुई थी। यह दुबई के टेक्सटाइल री-एक्सपोर्ट हब के रूप में विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। चेयरमैन नासिर अखून, वाइस चेयरमैन विनोद नागदा, और अन्य भारतीय मूल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने CEPA के तहत द्विपक्षीय व्यापार को गति देने पर सहमति जताई।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का टेक्समास मुख्यालय दौरा



### डिजिटल टेक्सटाइल नवाचार में सहयोग

टेक्समास द्वारा अपनाए जा रहे ई-कॉमर्स, ऋस्रद्बष्ठ इन्वेंट्री और डिजिटल लॉजिस्टिक्स समाधानों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग हेतु यूएई कंपनियों को आमंत्रित किया।

### हरित वस्त्र एवं सतत उत्पादन पर विशेष ध्यान

बैठक में टेक्समास द्वारा श्व/स्र मानकों के अनुरूप हरित वस्त्र उत्पादन और लॉजिस्टिक्स में ग्रीन इनिशिएटिव्स पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश हरित टेक्सटाइल और जैविक कॉटन जैसे क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है।

### मध्यप्रदेशः टेक्सटाइल निवेश का अगला गंतव्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टेक्समास के प्रतिनिधियों को बताया कि मध्यप्रदेश देश के प्रमुख वस्त्र उत्पादन राज्यों में से एक है। यहां पीएम मित्रा पार्क (धार) जैसे अत्याधुनिक टेक्सटाइल क्लस्टर वैश्विक निवेशकों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2025 के तहत भूमि, पूंजीगत अनुदान, SGST प्रतिपूर्ति और श्रम सुविधा जैसे प्रावधानों से अवगत कराया।

### I2U2 साझेदारियों के लिए तैयार मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश I22 (इंडिया, इज़राइल, यूएई, यूएसए) के फोकस क्षेत्रों- क्लीन टेक, फूड लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक नवाचार में निवेश हेतु तैयार है। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट्स के लिए टेक्समास जैसी संस्थाओं को आमंत्रित किया।

### टेक्सटाइल में युवा उद्यमियों के लिए अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार नई पीढ़ी के टेक्सटाइल उद्यमियों को प्रशिक्षण, लाइसेंसिंग मार्गदर्शन और पूंजीगत समर्थन देने के लिए एक विशेष स्टार्टअप पॉलिसी लागू कर रही है। उन्होंने TEXMAS से युवा उद्यमियों के साथ जुड़ने और BwB संवाद आयोजित करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सिर्फ निवेश प्रोत्साहन नहीं, बल्कि भारत-यूएई टेक्सटाइल व्यापार संबंधों को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। टेक्समास जैसे वैश्विक संगठनों से सहयोग प्राप्त कर मध्यप्रदेश को कपड़ा उद्योग में वैश्विक हब बनाने की राज्य सरकार की योजना अब वास्तविकता की ओर बढ़ रही है।

## सुभाषनगर से एम्स के बीच टेस्टिंग में बढ़ाई मेट्रो की स्पीड

**भोपाल**

भोपाल में मेट्रो की अब 90 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से टेस्टिंग शुरू हो गई है। ये टेस्टिंग पूरे 6.22 किमी लंबे ट्रैक यानी, सुभाषनगर से एम्स के बीच की जा रही है। कॉमर्शियल रन के दौरान जब मेट्रो दौड़ेगी, तब भी यही रफ्तार रहेगी। वहीं, मेट्रो के फेरे भी बढ़ा दिए गए हैं। ताकि, टेस्टिंग पूरी की जा सके। उधर, मेट्रो स्टेशन के अधूरे कामों को भी पूरा किया जा रहा है। अभी एम्स, अलकापुरी और डीआरएम तिराहा स्टेशनों पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। खासतौर पर इनकी एंट्री और एग्जिट पर काम तेजी से चल रहा है। सभी काम सितंबर तक खत्म करने की डेडलाइन तय की गई है। इसके बाद अक्टूबर या नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेट्रो की शुरुआत कर सकते हैं। इंदौर में 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेट्रो का वर्चुअल उद्घाटन किया था। अब अगला फोकस भोपाल मेट्रो पर है।

## कोलार डैम पर पिकनिक मनाने गये दो छात्रों की डूबने से मौत

### 18 घंटे बाद मिले शव, बिहार और छतरपुर के रहने वाले थे छात्र

**भोपाल**

राजधानी के नजदीक स्थित पिकनिक स्पॉट कोलार डैम पर अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे भोपाल के दो छात्रों की कोलार डैम में डूबने से मौत हो गई। बताया गया है की संडे को छुट्टी वाले दिन चार छात्र पिकनिक मनाने कोलार डैम पहुंचे थे। यहां चारों पानी में उतरकर नहाने लगे इसी बीच अंदाजा न होने पर तीन छात्र गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। एक छात्र जैसे-तैसे संभलते हुए थोड़ा बहूत तैरकर किनारे आ गया। लेकिन दो छात्र गहरे पानी में समा गये। सूचना मिलने पर एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू करते हुए करीब 18 घंटों की मशक्कत के बाद दोनों के शवों को सोमवार सुबह बरामद कर पीएम के लिए बिलकिसगंज भेज दिया। जानलेवा हादसे का वीडियो भी सामने आया है। मृतकों की पहचान बिहार निवासी प्रिंस राजपूत (22) और छतरपुर में रहने वाले उज्ज्वल त्रिपाठी (20) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस राजपूत भोपाल के एमपी नगर में और उज्ज्वल अशोका गार्डन में किराए से रहता था। दोनों अलग-अलग निजी कॉलेजों से बी. फार्मा की पढ़ाई कर रहे थे। दोनों अपने दो अन्य दोस्तों के साथ रविवार को पिकनिक मनाने



के लिये कोलार डैम गये थे। हादसे के सामने आये वीडियो में नजर आ रहा है की चार छात्र पानी में नहाते हुए मस्ती कर रहे हैं। तभी तीन छात्र गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। इनमें से एक छात्र ने किसी तरह खुद को संभाला और जैसे-तैसे हाथ-पैर मारते हुए किनारे पहुंच गया। वहीं दो छात्र पानी में समा गये जो बाहर नहीं आ सके। दोस्तो ने जोर-जोर से शोर मचाते हुए आसपास मौजूद लोगो से मदद मांगी। हादसे सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीमो ने छात्रो की तलाश के लिये रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया लेकिन रविवार देर रात तक दोनों युवकों का कुछ पता नहीं चला। सोमवार सुबह दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया और सुबह करीब 12 बजे दोनों शवो को बरामद कर पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस का कहना है कि पीएम के बाद एक शव बिहार और दूसरा छतरपुर भेजा जाएगा।

## आधे घंटे में दो लूट करने वाले पति-पत्नी और नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

### लूट का माल मुथूट फाइनेंस में गिरवी रख लिया 1 लाख 15 हजार का लोन - बाइक मोडिफाई, खरीददारी और घूमने-फिरने में उड़ाई रकम

**भोपाल**

पुराने शहर के कोहेफिजा थाना इलाके में बीते दिनो पुलिस ने चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में पति-पत्नी सहित एक नाबालिग भी शामिल है। गिरोह ने 2 जुलाई को आधे घंटे के भीतर दो लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रिमझिम सक्सेना ने पुलिस को बताया की 2 जुलाई की रात करीब 8.15 बजे विजय नगर पर अज्ञात बाइक सवार तीन युवको ने उन्हें चलती गाड़ी से गिराकर गले में पहनी सोने की चैन लूटकर भाग गये। वहीं नयापुरा लालघाटी पर रहने वाले फरियादी राम बंसल ने अपनी शिकायत में बताया की 2 जुलाई की रात करीब 8.45 बजे उनकी पत्नी अपनी सहेली के साथ ग्रीन आर्केड कॉलोनी के बाहर रोड पर वॉक कर रही थीं। तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमशो ने उनकी पत्नी के गले से सोने की चैन झपटी और फरार हो गये। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला कायम कर उनकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास



के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें तीन बाइक सवार बदमाश नजर आये। इसके बाद आरोपियों के भागने वाले रास्तों का रुट मैप तैयार कर बदमाशों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सबसे पहले गिरोह के मास्टरमाइंड यूसुफ उर्फ भोपाली उर्फ चुचू पिता साबर (21) निवासी चिकलोद रोड जहांगीराबाद, हाल पता स्टेशन बजरिया को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में खुलासा हुआ की अन्य आरोपियो में उसकी पत्नी आशिया बी, साथी नदीम खान और 17 साल का नाबालिग शामिल है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सभी आरोपियो को दबोच लिया। अधिकारियों के अनुसार यूसुफ ने लूटी गई सोने की चेन पत्नी आशिया को दी थी। जिसे उसने अशोका गार्डन स्थित मुथूट फाइनेंस पर गिरवी रख 1.15 लाख लोन लिया। इस रकम से कपड़े-खिलौने खरीदे, घूमने फिरने पर खर्च कर दिये। 9 हजार से यूसुफ ने बाइक मॉडिफाई करवाई। तीसरा आरोपी नदीम खान पिता वाहिद (19) निवासी काजी कैम्प थाना हनुमानगंज है, वही चौथा नाबालिग आरोपी 17 साल का है, जो एमपी नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी सेकेंड हैंड खरीदी गई बाइक से वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातो के बारे में पूछताछ कर रही है।

## कांग्रेस के जिला-शहर अध्यक्षों के चयन के लिए आज दिल्ली में बैठक

**भोपाल।** कांग्रेस द्वारा लागू किए गए नवसृजन अभियान के तहत जिला और शहर अध्यक्षों के चयन के लिए मंगलवार को दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। इस बैठक में सभी शहर-जिला के पर्यवेक्षक के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को बुलाया गया है। कांग्रेस द्वारा मध्यप्रदेश में नवसृजन अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत पार्टी अपने सभी शहर और जिला अध्यक्ष बदलने की कोशिश में है। इस कोशिश में हर शहर और जिला अध्यक्ष के चयन के लिए दूसरे प्रदेश के बड़े पदों पर आसीन व्यक्तियों को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया। सभी पर्यवेक्षकों का दौरा हो गया और उनके द्वारा अपनी रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंप दी गई है। यह रिपोर्ट आने के बाद अब आगे की कार्रवाई शुरू हो रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 15 जुलाई को सभी पर्यवेक्षकों की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को भी बुलाया गया है। मंगलवार से कांग्रेस के नए अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ऐसा समझा जाता है कि अगस्त माह में कांग्रेस के नए अध्यक्ष सामने आ जाएंगे। कांग्रेस द्वारा नीतिगत रूप से तय किया गया है कि 50 फीसदी से ज्यादा अध्यक्ष 45 वर्ष से कम उम्र के होना चाहिए।

## तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाले इनामी बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस

**भोपाल**

पुराने शहर की टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने एक फरार इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश इंद्रा नगर में दहशत फैलाने के लिये खुलेआम तलवार लेकर घूम रहा था। पुलिस ने सोमवार को इलाके में उसका जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है, कहता दिखाई दे रहा था। टीआई डीपी सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक इन्द्रा नगर टीलाजमालपुरा में रहने वाला फैजान उर्फ चिकना पिता अमीन (40) आदतन बदमाश है। रायसेन के कोतवाली थाने से एक चोरी के मामले में फैजान बीते डेढ़ साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर दो हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। इसके साथ ही बदमाश टीला जमालपुरा थाने के भी दो मामलों में फरार चल रहा था। बीती रात मुखबिर से सूचना मिली की फरार बदमाश फैजान इन्द्रा नगर मे तलवार लहराकर दहशत फैला रहा है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ते हुए उसके कब्जे से धारदार तलवार जब्त कर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर किया। पुलिस ने बताया की बदमाश फैजान थाना टीलाजमालपुरा का कुख्यात अपराधी है, उसके खिलाफ भोपाल के टीलाजमालपुरा, तलैया, शाहजहांनाबाद, निशातपुरा, जहांगीराबाद, गांधी नगर, गौतम नगर, हनुमानगंज सहित थाना निवाली जिला बडवानी और कोतवाली रायसेन में हत्या, मारपीट, चोरी, अड़ीबाजी, अवैध हथियार जैसे 22 संगीन मामले दर्ज हैं।

**खास** निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने जिला मलेरिया कार्यालय एवं नगर निगम की समन्वय बैठक में दिये निर्देश

## डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु सभी एएचओ मलेरिया विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करें

**भोपाल**

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मलेरिया विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु सजगता से कार्य करें। निगम आयुक्त नारायन ने उक्त निर्देश राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मलेरिया कार्यालय भोपाल एवं नगर निगम, भोपाल की समन्वय बैठक में दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, प्रभारी उपायुक्त चंचलेश गिरहरे, जिला मलेरिया अधिकारी स्मिता नामदेव, जिला मलेरिया सलाहकार रूचि सिलाकारी के अलावा निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी,



सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मलेरिया विभाग के सभी जोन प्रभारी एवं सुपरवाइजर्स सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

जिला मलेरिया अधिकारी स्मिता नामदेव ने मच्छरों की उत्पत्ति के कारणों, मच्छरों के प्रजनन, लार्वा आदि के कारणों एवं उससे बचाव के संबंध में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला मलेरिया अधिकारी नामदेव ने मलेरिया विभाग के नोडल जोन प्रभारी व सुपरवाइजरों को निगम अधिकारियों के साथ टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

### मलेरिया की रोकथाम

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने सोमवार को माता मंदिर स्थित निगम कार्यालय में डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम हेतु जिला मलेरिया कार्यालय एवं नगर निगम की समन्वय बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मलेरिया विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करें। निगम आयुक्त नारायन ने उक्त निर्देश राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मलेरिया कार्यालय भोपाल एवं नगर निगम, भोपाल की समन्वय बैठक में दिए।

# जमानत पर छूटे बलात्कार के आरोपी पर युवती को भगा ले जाने का आरोप

पन्ना।

सलेहा थाना अंतर्गत बलात्कार के मामले में जमानत पर छूटे एक आरोपी पर एक युवती को जबरन भगा ले जाने के आरोप लगे हैं। फरियादी परिवार ने पुलिस अधीक्षक पन्ना को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि लोकेंद्र चौधरी बलात्कार के मामले में जेल में था जो कुछ समय पूर्व जमानत पर छूटा है। आगे बताया कि बेटी को वह लगातार फोन कर बात करने के लिए बाध्य करता था, बात करने से मना करने पर जान से करने एवं जिंदगी खराब करने की धमकी देता था, 11 जुलाई 2025 को रात में जब घर के लोग सो रहे थे तो युवती अचानक घर से लापता हो गई, दरवाजा बाहर से लगा था, काफी तलाश के बाद भी युवती नहीं मिली, परिवार के लोगों ने शंका जताई है कि लोकेंद्र चौधरी उनकी बेटी को जबरन भगा ले गया है। सलेहा थाना में शिकायत करने पर पुलिस के द्वारा आरोपी के घर से लोकेंद्र और हमारी बेटी को सलेहा थाना ले जाया गया लेकिन सलेहा थाना से दोनों को छोड़ दिया गया, परिवार के लोगों ने बताया कि जब हमने दोनों को छोड़े जाने का कारण पूछा तो पुलिसकर्मियों के द्वारा हमें डांट कर भगा दिया गया, इसके बाद 14 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक पन्ना को शिकायती आवेदन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'भारत मार्ट' को बताया वैश्विक व्यापार का प्रवेश द्वार

**डीपी वर्ल्ड और जाफजा अधिकारियों से महत्वपूर्ण बैठक**
**मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स और निर्यात का हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम**
**भारतीय एमएसएमई उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच**

भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई यात्रा के तीसरे दिन डीपी वर्ल्ड और जेबेल अली फ्री ज़ोन (JAFZA) के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर भारत मार्ट परियोजना और उससे जुड़ी लॉजिस्टिक्स संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। यह बैठक भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को वैश्विक बाज़ार से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत मार्ट को वैश्विक व्यापार का प्रवेशद्वार बताते हुए कहा कि यह आधुनिक व्यापार केंद्र भारतीय उत्पादों, विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों की मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप जैसे बाजारों तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराएगा। भारत मार्ट 2026 में परिचालन में आएगा और 'लोकल से ग्लोबल' की नीति को नई दिशा देगा।

## भारत मार्ट भारत और यूएई के बीच व्यापारिक संबंधों का प्रतीक

भारत मार्ट, जेबेल अली फ्री ज़ोन (JAFZA), दुबई में लगभग 2.7 मिलियन वर्ग फुट में विकसित किया जा रहा एक बहुआयामी अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र है। इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम द्वारा फरवरी 2024 में संयुक्त रूप से रखी गई थी। यह केंद्र डीपी वर्ल्ड द्वारा संचालित किया जा रहा है और इसमें 1500 से अधिक शोरूम, अत्याधुनिक गोदाम और कार्यालय सुविधाएं शामिल होंगी। यह परियोजना भारतीय एमएसएमई को वैश्चिक मंच प्रदान करने के लिए तैयार की जा रही है, जिससे वे अपनी गुणवत्ता युक्त वस्तुओं का निर्यात आसानी से कर सकें। भारत मार्ट, वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाने वाला एक मजबूत स्तंभ बनेगा।

## मध्यप्रदेश से भारत मार्ट तक निर्बाध लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी

बैठक में विशेष रूप से मध्यप्रदेश में डीपी वर्ल्ड द्वारा प्रस्तावित रेल टर्मिनल और उज्जैन नागदा रूट को भारत मार्ट तक निर्बाध माल आपूर्ति का एक निर्णायक माध्यम बताया गया। यह लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी भारत से दुबई तक तेज़, किफायती और सुगम माल परिवहन सुनिश्चित करेगी, जिससे राज्य के निर्यातकों को सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, हमारी सरकार इस यात्रा को केवल व्यापार नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के आर्थिक भविष्य की नींव मान रही है। भारत मार्ट के ज़रिये हमारा प्रदेश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक मज़बूत कड़ी बनेगा।

## डीपी वर्ल्ड: भारत और मध्यप्रदेश के लिए संभावनाओं से भरा साझेदार

डीपी वर्ल्ड, दुबई स्थित एक अग्रणी वैश्विक लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता है, जो 78 से अधिक देशों में 100 से अधिक टर्मिनलों और पोर्ट्स का संचालन करता है। प्रति वर्ष 70 मिलियन TEU कंटेनर हैंडल करने वाली यह कंपनी विश्व की सबसे बड़ी पोर्ट ऑपरेटरों में गिनी जाती है।

## भारत में संचालन

डीपी वर्ल्ड भारत के मुंबई, मुंद्रा, कोचीन, चेन्नई और विशाखापत्तनम जैसे प्रमुख बंदरगाहों पर छह टर्मिनलों का संचालन करती है। साथ ही यह कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स, कंटेनर फ्रेट स्टेशन और एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट सेवाओं का भी प्रबंधन करती है।

## म.प्र. में ड्राय पोर्ट के विकास में दिखाई रूचि

डीपी वर्ल्ड ने मध्यप्रदेश में इनलैंड कंटेनर डिपो (ICD), मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (MMLP), कृषि-लॉजिस्टिक्स हब और ड्राय पोर्ट के विकास में गहरी रुचि दिखाई है। यह राज्य की लॉजिस्टिक्स और निर्यात नीति के अनुरूप है, और सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से दीर्घकालिक अधोसंरचना विकास को मजबूती देने वाला कदम है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व युवा कौशल दिवस पर दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों विशेष रूप से युवाओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि वर्ष 2025 की थीम एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) और डिजिटल कौशल से युवा सशक्तिकरण है। वर्तमान समय में एआई देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को असीमित अवसर मिलें, इस उद्देश्य से राज्य सरकार तकनीकी-व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण को गति प्रदान कर रही है।

# भोपाल स्टेशन को मेट्रो स्टेशन से जोड़ने का प्लानः सब-वे या फुटओवर ब्रिज बनेगा



भोपाल

भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाद भोपाल स्टेशन को भी मेट्रो स्टेशन से जोड़ने का प्लान है। यहां सब-वे या फुटओवर ब्रिज बनेगा। ताकि, मेट्रो और रेलवे स्टेशन एक-दूसरे से कनेक्ट हो सके। मेट्रो अफसरों के मुताबिक, भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 के पास मेट्रो का अंडरग्राउंड स्टेशन बनेगा। इसकी तैयारियां भी चल रही हैं। जब यात्री मेट्रो से रेलवे स्टेशन आएंगे-जाएंगे तो उन्हें फुटओवर ब्रिज या सब-वे की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में उन्हें काफी लंबा चलना नहीं पड़ेगा। रेलवे और मेट्रो स्टेशन को एक-दूसरे से कनेक्ट करने के लिए मेट्रो कॉरपोरेशन दो प्लान पर काम कर रहा है। यदि सिर्फ 6 नंबर प्लेटफार्म से मेट्रो स्टेशन को जोड़ना पड़ा तो यहां फुटओवर ब्रिज ही बनाया जाएगा। यात्री ट्रैक के ऊपर से गुजरते हुए मेट्रो स्टेशन तक पहुंच सकेंगे, लेकिन यदि प्लेटफार्म नंबर-6 के साथ 1 को भी मेट्रो स्टेशन से जोड़ने की प्लानिंग बनी तो फिर सब-वे बनाया जाएगा, जो अंडरग्राउंड रहेगा।

# चार इमली, अशोका गार्डन-करोंद में आज बिजली कटौतीः 35 इलाकों में असर

**भोपाल।** भोपाल के करीब 35 इलाकों में बुधवार को 2 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें चार इमली, अशोका गार्डन, तुलसी नगर, देवकी नगर, करोंद, बैरसिया रोड, निशातपुरा, नवीबाग, मिंडोरा, जाटखेड़ी, बैंक कॉलोनी जैसे कई बड़े इलाके शामिल हैं। ऐसे में लोग अपने जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि, बाद में परेशानी का सामना न करना पड़े। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक डेयरी स्टेट, बरखेड़ी खुर्द, शारदा विहार, मिंडोरा, केरवा डैम रोड, कृषि संस्थान एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक अशोक विहार, अशोक सम्राट, अंत्योदय नगर, अशोका गार्डन, नगर निगम पंप, बैंक कॉलोनी, अमन बाई कॉलोनी, तुलसी नगर, सोनिया कॉलोनी, नवीन नगर, फूटी बावड़ी एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक देवकी नगर, करोंद, पंचवटी फेस-1 और 2, बैरसिया रोड, कृषि अनुसंधान कॉलोनी, बृज कॉलोनी, माया इन्क्लेव, नवीबाग, निशातपुरा एवं आसपास।

# रनिंग ट्रेनों में चोरों की धमाचौकड़ी जारी

भोपाल

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरों की धमाचौकड़ी लगातार जारी है, अज्ञात बदमाश मुसाफिरों को लगातार अपना निशाना बनाकर कीमती माल पर हाथ साफ कर रहे है। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार बदनावर, जिला धार में निवासी जीवन सोलंकी (29) ने अपनी शिकायत में बताया कि बीती 12 जुलाई को वह तिरूकुलम एक्स के जनरल कोच में चेन्नई एग्मोर से भोपाल का सफर कर रहे थे। यात्रा के दौरान वे गेट पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। भोपाल स्टेशन आने से पहले ट्रेन की स्पीड धीमी हो गई थी। इसी बीच एक अज्ञात युवक ने उनके हाथ पर झपट्टा मारकर उनका 36 हजार कीमत का मोबाइल झपट लिया। जीवन सोलंकी ने ट्रेन से उतरकर बदमाश की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। वहीं बृजमोहन सोनी (68) ने बताया की वह लसूड़िया, इन्दौर में रहते हैं और अपनी पत्नी उमा सोनी के साथ यशवंतपुर एक्सप्रेस से काचीगोडा हैदराबाद से इंदौर की यात्रा ए-वन कोच में सीट नंबर 7 व 9 पर कर रहे थे। ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन पर रात करीब सवा एक बजे के आसपास पहुंची। वे अपना पर्स बर्थ पर रखकर बाथरूम चले गए। वहां से लौटकर देखा तो बर्थ पर रखा पर्स गायब था।

# टीम खंडेलवाल के गठन के लिए तैयार हुआ फार्मूला

## कार्यकर्ताओं के फीडबैक पर बनेगी भाजपा कार्यकारिणी

भोपाल



दिल्ली में भाजपा हाईकमान से हरी झंडी लेकर आए मप्र के भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की नई टीम ट्रस्टेड से पहले टेस्टेड होगी। ये पहली बार है कि मप्र में भाजपा टीम के ऐलान के पहले उचित कार्यकर्ता की तलाश भी की जा रही है। ये पार्टी का घोषित कार्यक्रम नहीं है, लेकिन मप्र भाजपा में संगठन की कार्यकारिणी घोषित करने से पहले कार्यकर्ताओं का फीडबैक भी लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं के फीडबैक पर ही प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। गौरतलब है कि पदभार ग्रहण करने के बाद मप्र में मालवा, विंध्य, महाकौशल के दौरे पर निकल रहे हेमंत खंडेलवाल नेताओं से मंथन के पहले कार्यकर्ताओं की बात सुन रहे हैं। मप्र भाजपा की गिनती देश के सर्वश्रेष्ठ संगठन वाले राज्य के तौर पर होती है। बेशक अभी चुनाव नहीं है, लेकिन संगठन में जो टीम बनेगी ये लगभग तय है कि चुनाव के वक्त तक उसमें कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। लिहाजा पार्टी के नए प्रदेश हेमंत खंडेलवाल ने अपने नई टीम में सदस्यों के सिलेक्शन की प्रोसेस कई चरणों की रखी है। भाजपा के पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की राजनीति से प्रेरित हेमंत खंडेलवाल ने पदभार ग्रहण करने के साथ ये बयान दिया था कि पार्टी अनुशासन से दाएं-बाएं होने वालों को दिक्कत होगी। बाकी जो योग्य है, उनके लिए अवसरों की कमी नहीं होगी। पदभार ग्रहण करने के खंडेलवाल मप्र के अलग-अलग इलाकों के दौरे पर निकल रहे हैं। उज्जैन इंदौर के बाद नर्मदापुरम और बैतूल का दौरा कर चुके हैं। इसके बाद वे विंध्य ग्वालियर, चंबल, महाकौशल और बुंदेलखंड का भी दौरा करेंगे। जानकारी के मुताबिक ये दौरे कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनने के लिए होंगे। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक प्रकाश भटनागर के अनुसार हेमंत खंडेलवाल भाजपा के पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे को अपना आदर्श मानते हैं और उनकी राजनीति का अंदाज भी वही है। जिस तरीके से मप्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की ताकत के बूते खड़ी हुई थी। वे उसी फार्मूले पर अब मप्र में अपनी नई टीम बनाने जा रही है। जिसमें कार्यकर्ताओं का फीडबैक उनके लिए प्राथमिकता में होगा। इन दौरे कार्यक्रमों के जरिए वे कार्यकर्ताओं की नब्ज थामेंगे।

## खंडेलवाल को मिला फ्री हैंड

खंडेलवाल पार्टी के शीर्ष नेताओं से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। अध्यक्ष बनने के बाद औपचारिक सौजन्य भेंट के साथ ही इन्हें नई कार्यकारिणी के सिलसिले में चर्चा के लिए मुलाकात भी माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि खंडेलवाल की साख और पार्टी संगठन के प्रति उनके समर्पण भाव को देखते हुए अपनी टीम चुनने के लिए उन्हें खासे अधिकार दिए गए हैं। शीर्ष नेतृत्व ने अपनी अपेक्षाएं भी बता दीं हैं, जिनके आधार पर प्रदेश भाजपा में बड़ा बदलाव तय हो गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पद संभालने के बाद दी दिन पूर्व सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ हेमंत खंडेलवाल जब अपने पहले दिल्ली दौरे पर पहुंचे थे, तब ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर ली थी।

11 जुलाई को प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल फिर दिल्ली पहुंचे। श्रेष्ठ कार्यकर्ता एक कार्यकर्ता के फार्मूले पर चुनाव भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी राष्टीय स्वयं सेवक संघ और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पसंद माने जाते हैं। इस लिहाज से ये माना जा रहा है।

# कॉलेज छात्राओं से दोस्त के घर में रेप किया था: भोपाल में अश्लील वीडियो बनाए, धर्म बदलने का दबाव डाला; पुलिस ने कोर्ट को बताया

भोपाल



कॉलेज छात्राओं से दुष्कर्म कर वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने वाले मामले में जहांगीराबाद थाना पुलिस ने जिला न्यायालय में चालान पेश किया है। पुलिस ने फरहान खान, साहिल खान, सैयद अली अहमद, साद उर्फ शम्सउद्दीन, मोहम्मद नबील और अबरार को आरोपी बनाया है। सभी आरोपी जेल में बंद हैं। जहांगीराबाद थाने के जांच अधिकारी ने पीड़िताओं और उनके परिजन के दर्ज बयान, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), वीडियो फुटेज और फोटोग्राफ साक्ष्य के तौर पर न्यायालय में पेश किए गए हैं। आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया।

# 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन

अनवर खान ब्यूरो चीफ फतवा





मंडला ,, जिले मे पुलिस विभाग द्वारा चलाए अभियान में आम जन को नशा न करने को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जिले में ÷नशे से दूरी है जरूरी÷ अभियान के अंतर्गत आज एक विशाल जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य नशे के विरुद्ध समाज को जागरूक करना और नशा मुक्त समाज की दिशा में सामूहिक पहल करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय श्रीमती सम्पतिया उइके, कैबिनेट मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयान्स कूमट द्वारा पुलिस लाइन मंडला से हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली का समापन महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में हुआ। रैली में सामाजिक संस्थाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं, कॉलेज विद्यार्थी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, नेहरू युवा केंद्र, जनप्रतिनिधि एवं मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली के माध्यम से ÷ हमारा है यही संदेश, नशा-मुक्त हो मध्य प्रदेश÷ का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

## रैली समापन पर शपथ समारोह

महात्मा गांधी स्टेडियम में रैली के समापन अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने संकल्प लिया÷ ÷मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशा-मुक्त कराऊंगा/कराऊंगी, क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। मैं संकल्प लेता/लेती हूँ कि हम सब मिलकर अपने जिले मंडला, मध्यप्रदेश को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ निश्चय करते हैं। मैं अपने जिले व प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करूंगा/करूंगी।

## अभियान की 15 दिवसीय शुरुआत

पुरे प्रदेश मे नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता रैली के माध्यम से जिले में ÷नशे से दूरी है जरूरी÷ अभियान की शुरुआत की गई है, जो आगामी 15 दिनों तक चलाया जाएगा। इस दौरान जनजागरूकता कार्यक्रम, संवाद, रचनात्मक प्रतियोगिताएँ और नशा मुक्ति संकल्प जैसे कार्यक्रमों व समस्त विभागों के साथ समन्वय से नशा विरोधी संदेश व नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाया जाएगा। आयोजित रैली के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। रैली के दौरान नशा मुक्ति से जुडी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर मानस हेल्पलाइन 1933, नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446, मध्यप्रदेश पुलिस नारकोटिक्स विभाग 7049100785 की प्रदर्शन किया गया।

# पति की मृत्यु के बाद पत्नी को मिला प्रधामंत्री जीवन ज्योति बीमा लाभ

घुवारा

बमनौरा कलां मैं संचालित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा पति की मृत्यु के बाद पत्नी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा की राशि दो लाख रुपए की राशि चैक माध्यम से प्रदान की गई बमनौरा कलां क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मारोत खेरा के रहने वाले मृतक श्री बाबूलाल अहिरवार को अचानक सीने मैं दर्द होने से कुछ दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी जिसका बैंक मैं बीमा था जो आज उनकी पत्नी रतिबाई अहिरवार बीमा की राशि 200000 ब्रांच मैनेजर राजेश कुमार जैन ने चैक के माध्यम से सोपी गई साथ ही मैनेजर ने सभी खाताधारकों से अपील की है की सभी अपने अपने खाते मैं बीमा जरूर करवाए



इस मौके पर मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक बमनौरा के ब्रांच मेनेजर राजेश कुमार जैन कैशियर पंकज अहिरवार कियोस्क संचालक राकेश कुमार पत्रकार बंधु ग्रामीवासी मौजूद रह राकेश अहिरवार 9584742936

# कॉलेजों में प्रवेश का आखरी मौका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु एक अतिरिक्त सीएलसी (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) चरण की घोषणा की है। यह चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को प्रवेश का एक और अवसर मिलेगा। 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय की रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जाएगा। विद्यार्थी इन रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन व विकल्प चयन किया जा सकेगा,

# मैहर शहर में नो एंटी में मैहर पुलिस सख्त नो एंटी में पाए जाने पर होगा जुर्माना




मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी नृपेंद्र सिंह द्वारा मैहर में नो इंट्री जोन में घुसे दो ट्रक UP36T1437 एवं MP16H1328 को पकड़ कर चालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 5-5 हजार के चालान काटे गया

# नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के तहत सीधी पुलिस द्वारा भव्य जनजागरूकता रैली का किया गया आयोजन

## जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में भी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ





सीधी जिले में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में ÷नशे से दूरी है जरूरी÷ विशेष अभियान का शुभारंभ 15 जुलाई 2025 को भव्य जनजागरूकता रैली के साथ हुआ। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक जिलेभर में निरंतर रूप से संचालित किया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत नशा-मुक्ति शपथ के साथ हुई जिसमे सभी ने मिलकर एक स्वर में न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा-मुक्त कराने की शपथ ली क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए सबने मिलकर अपने जिले सीधी को नशा-मुक्त कराने का दृढ़ निश्चय किया।

### नशा मुक्ति प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना

अभियान के अंतर्गत एक विशेष नशा मुक्ति प्रचार वाहन को विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन जिलेभर में भ्रमण कर हिंदी एवं बघेली भाषा में ऑडियो संदेशों, पोस्टर-बैनरों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों एवं निवारण के उपायों की जानकारी आमजन तक पहुँचाएगा। इस अवसर पर विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि नशामुक्ति की शुरुआत हमें अपने घर से करनी चाहिए। हर परिवार का सदस्य यदि यह संकल्प ले कि वह नशे से दूर रहेगा, तो समाज स्वतः ही सुरक्षित व समृद्ध बन सकता है। कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि यह केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन है। जब तक समाज इसमें भागीदार नहीं बनेगा, तब तक पूर्ण सफलता असंभव है। हमें मिलकर इसे जनांदोलन बनाना होगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य और आर्थिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि यह अपराध, घरेलू हिंसा, मानसिक तनाव और सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याओं को भी जन्म देता है। युवा वर्ग को जागरूक होना होगा और दूसरों को भी प्रेरित करना होगा।

### कलेक्ट्रेट से लेकर लालता चौक तक निकली गई जन जागरूकता रैली

नशा मुक्ति की दिशा में आम नागरिकों को प्रेरित करना, विशेषकर युवाओं को जागरूक बनाना और उन्हें इस सामाजिक बुराई से दूर रखने के उद्देश्य से जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर अस्पताल चौक, गांधी चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड तक निकाली गई। रैली में लगभग 500 प्रतिभागियों, सीधी पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट-गाइड, शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अमन मिश्रा, रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र सीधी श्री वीरेंद्र कुमरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, प्रभारी थाना जमोड़ी उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिलेभर में समानांतर चलेगा जागरूकता अभियान

रैली के समानांतर जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा रैलियों, शपथ ग्रहण, बैनर-होर्डिंग्स एवं जनसंपर्क के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। सीधी पुलिस द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार, बच्चों, मित्रों को नशे के खिलाफ जागरूक करें तथा इस अभियान को घर-घर तक पहुँचाकर सीधी जिले को ''नशा मुक्त'' बनाने में सहभागी बनें। नशे से दूरी है ज़रूरी'' यह सिर्फ नारा नहीं, एक संकल्प है। आइए! एकजुट होकर स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की ओर कदम बढ़ाएं।

# अभियान चलाकर शिकायतों के निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**सीधी**

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिक संख्या में शिकायतों के लंबित पाए जाने पर कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभियान चलाकर शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि जून-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने हितग्राही मूलक योजनाओं तथा भुगतान लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले एल1 तथा एल2 अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। बिना पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में वनमंडलाधिकारी प्रीति अहिरवार, अपर कलेक्टर अंशुमन राज, उपसंचालक संजय टाइगर रिजर्व राजेश कन्ना, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडला निवास से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप पकड़ाई शातिराना अंदाज से कुरकुरे के बंडलों के नीचे छुपाकर ले जाई जा रहे थे पिकअप मे 39 पेटी अंग्रेजी शराब

## मंडला थाना निवास पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 345.6 लीटर (39 पेटी) अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार*

## थाना निवास पुलिस ने 345.6 लीटर अंग्रेजी शराब व पिकअप सहित 12 लाख 77 हजार का मसरूका किया जब्त

**अनवर खान ब्यूरो चीफ फतवा**

मंडला,,,,थाना निवास पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त किया है। दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।






दिनांक 12 जुलाई 2025 की रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन (स्क्र्52क्र707) जबलपुर से निवास होते हुए डिण्डौरी की ओर जा रहा है, जिसमें कुरकुरे के बंडलों के नीचे बड़ी मात्रा में शराब छुपाकर परिवहन की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा ग्राम खड़देवरी, भीखमपुर तिराहा (निवास-जबलपुर मार्ग) पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोककर वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें कुल 39 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसमें 15 पेटी एम.डी. रम थीं, जिनमें कुल 129.6 लीटर शराब पाई गई। वहीं 24 पेटी जिनियस ट्रिपल एक्स रम से 216 लीटर शराब मिली। कुल बरामद शराब की मात्रा 345.6 लीटर रही, जिसकी अनुमानित कीमत ?2,77,200/- है। परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन की अनुमानित कीमत लगभग ?10 लाख है। वाहन में सवार दोनों आरोपियों ङ्क गगन बनवासी पिता समारू बनवासी, उम्र 34 वर्ष, तथा सुकाली बनवासी पिता जवाहर बनवासी, उम्र 25 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम देवरा, थाना डिण्डौरी ङ्क को मौके पर गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना निवास में अपराध क्रमांक 147/2025, धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। जब्तशुदा शराब के स्त्रोतों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही हैं। इस कार्यवाई अनुविभागीय पुलिस अधिकारी निवास के नेतृत्व में थाना प्रभारी वर्षा पटेल, सउनि धनपाल बिसेन, आरक्षक अभिनव दुबे, रवि मरावी, उमेश पटेल, सिद्धार्थ आरसे की भूमिका रही। मंडला पुलिस द्वारा अवैध शराब के परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि थाना निवास पुलिस द्वारा लगभग 15 दिन पूर्व भी इसी प्रकार की कार्रवाई में 90 लीटर अंग्रेजी शराब व वाहन जब्त किया गया था।

# बिजली ओर पानी की समस्या से जूझ रहे मुड़िया कला के ग्रामीण

## आजादी के वर्षों बाद भी सुविधाओं से वंचित है न जाने कितने गांव शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई बरसात के मौसम में सांप बिच्छुओं का डर








**रिपोर्टःदुर्गेश बर्मन**

डिंडौरी (फतवा) डिंडौरी जिले में न जाने आज भी ऐसे कितने ग्राम है जहां आजादी के वर्षो बाद भी लोग बिजली पानी सड़क के लिए मोहताज है फिर भी स्थानीय जनप्रतिनिधि का कोई रुझान नहीं अपने क्षेत्रीय जनता के लिए क्या केवल आम जनता एक वोट बैंक है कि जब चुनाव का दौर जारी हो तभी उन ग्रामीणों से रूबरू हो या फिर कोई मंत्री मिनिस्टर का दौड़ा हो तो भीड़ बढ़ाने के लिए ही ग्रामीणों का ख्याल आता है बाकी समय वही ग्रामीण किन समस्याओं से गुजर रहे है इन सब बातों से हमें क्या हम जानते है कि हमें इन ग्रामीणों से समय पर।कैसे अपना काम निकलना है बाद में तो जिस तरह दूध पर पड़ी मक्खी को निकल कर अलग कर दिया जाता है बस उसी तरह जैसे टिशू पेपर उपयोग कर फेक दिया जाता है बही हाल हमारे ग्रामीण अंचलों पर रहने वाले ग्रामीणों का है।

ऐसा ही मामला जनपद पंचायत डिंडोरी के ग्राम पंचायत मुड़िया कला ठाकुर मोहल्ला का आया है जहां बिजली गुल हुए एक माह से अधिक दिन होने के बावजूद भी ग्रामीणों के द्वारा लगातार शिकायत करने वो आवेदन देने के बाद भी आज तक ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर है जबकि आज के दौर पर केरोसिन भी नहीं मिल रहा है कि ग्रामीण जिस से।प्रकाश कर सके ।जबकि बरसात का मौसम चल रहा है जहां आए दिन सर्प दस के मामले भी सामने आ रहे है।फिर भी उन ग्रामीणों का दर्द समझने वाला न ही कोई अधिकारी कर्मचारी है न ही कोई जनप्रतिनिधि है जबकि उनके द्वारा लिखित शिकायत भी शाहपुर कनिष्ठ अभियंता को प्रेषित कर जानकारी दी गई लेकिन आज दिनांक तक कोई भी उनकी सुध लेने नहीं पहुंचे।

### ग्रामीणों का कहना

की डेढ माह से बिजली बंद है और एक माह से पानी भी बंद है जिससे दिन तो कट ही जाता है पर रात में एक भय सा बना रहता है चुकी बरसात का मौसम है बाहर निकलना ओर सबसे ज्यादा छोटे बच्चों का डर है अंधेरा होने के बाद घर से निकलना मतलब जन जोखिम में डालना है

### प्रताप सिंह बेलिया ठाकुर टोला मुड़िया कला

बरसात के समय पर बिजली लाइन एक माह से अधिक होने के बावजूद भी चालू नहीं किया गया है जिसकी शिकायत हमारे द्वारा।लगातार किया जा रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है जबकि इस समय बच्चों के स्कूल में भर्ती करने का समय है कुछभी कागज अगर हमें अपने।पंचायत से बनवाना है तो वो भी नहीं बन पा रहा है क्योंकि यहां पूरी लाइन बंद पड़ी है जिससे बच्चों के भविष्य पर भी खतरा मंडरा रहा है न ही अंधेरे ने बच्चों की पढ़ाई हो प रही है न ही कोई भी काम जबकि यहां पर ट्रांसफॉर्मर पहले 63केवी का लगा हुआ था जिस बदलकर 25केवी का लगा दिया गया है और यहां लगभग एक से डेढ़ किमी पर फैला है और जो लाइन खींची हुई है बो भी बहुत ज्यादा।लूज है जिससे भी 25 केवी टांसफार्मर लोड नहीं के प रहा है हमारा शासन प्रशासन से यही कहना है कि 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगवा दिया जाए तो बिजली पानी की समस्या से हम ग्रामीणों को निजात मिल जाए।

गोप लाल लोमेश ठाकुर टोला मुड़िया कला

### इनका कहना

मुझे इसकी जानकारी है लेकिन ठाकुर टोला में लगभग 84 हजार रुपए का बिल भुगतान बकाया है जैसे कुछ बिल जमा हो जाते है वहा का ट्रांसफॉर्मर बदल दिया जाएगा

**धर्मेंद्र कुमार कनिष्ठ अभियंता शाहपुर**

# महाराष्ट्र और यूपी के युवाओं ने जिले के छोटे से गांव ढोंढा में आकर सीखा जैविक खेती की स्किल

## नर्मदांचल गौसेवा समिति टोंटा जिले में जैविक उत्पाद व प्रशिक्षण के लिए मशहूर है,जहां आते है,क्षेत्र एवं प्रदेश से बाहर के लोग।

## जैविक खेती मे पौधे के नर्सरी हेतु काजू 21, केमांछ 49,और सहजन (मोनगा) के 83 बीज डालकर तैयार किया

## जैविक खाद बनाने व खेती की कला सीखने के लिए जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू से संपर्क किया जा सकता है






**रिपोर्टःदुर्गेश बर्मन**

डिंडौरी (फतवा)शहपुरा- नर्मदांचल गौ सेवा समिति केन्द्र ढोंढ़ा के द्वारा गांव गांव पहुंचकर किसानों को 3 वर्षो से प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे है । जैविक खेती के प्रायोगिक प्रशिक्षण व नवाचार के लिए जाने जाते है बिहारी लाल साहू जैविक खेती देखने का मन करे तो चले जिला डिण्डोरी और मिले जिला डिण्डोरी के जाने-माने बहुचर्चित ऑर्गेनिक फार्मिंग एक्सपर्ट बिहारी लाल साहू से जो कि विगत 10 वर्षो से जैविक खेती कर रहे है।



स्वंय जैविक खेती करने के साथ-साथ ग्रामीण किसान बंधुओ को जैविक खेती करने के लिए लगातार प्रशिक्षित कर रहे है बात यही नहीं रुकती किसान बंधुओ के साथ महाविद्यालय, विद्यालय, सरकारी संस्थान, एनजीओ ऐसे अनेको मंच के माध्यम से जिला डिण्डोरी सहित विभिन्न जिला में जैविक खेती का प्रशिक्षण निशुल्क देने का अमूल्य कार्य कर रहे है। इसके साथ-साथ अपने फार्म हाउस में जैविक खेती का लाइव-डेमो भी दिखाते है। साथ ही जो जानकारी प्राप्त करना चाहते है ऐसे प्रशिक्षार्थियों को विशेष रूप से अधिक दिनों तक विस्तार से जानकारी दिया जाता है। बिहारी लाल जी जिला डिण्डोरी के लिए शान व गौरव है उनके इस पूनीत कार्य के कारण राज्य स्तरीय जैविक, राष्टीय स्तर में जैविक खेती में पुरस्कार मिल चुका है यही नही जवाहर लाल कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर सहित अनेक संस्थानों ने बिहारी लाल साहू को पुरस्कार दे चुकी है । हाल ही में जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल व एड.निर्मल साहू ने महाराष्ट्र से अजीत मौर्या जो सोसल वर्कर है। उत्तर प्रदेश से संदेश मौर्या डीएमएलटी छात्र है,साथ ही अजीत कुमार मौर्या लखनऊ से आकर नर्मदांचल गौ सेवा केन्द्र ढोंढ़ा में संचालित जैविक फार्म हाउस का विजिट कर केंचुआ खाद, जीवामृत, बीजोपचार,नील हरित शैवाल,एजोला,अग्नि अस्त्र, वर्मी वाश व केंचुआ का खेती में क्या अहम योगदान है,तथा मृदा परीक्षण का भी विस्तार से जानकारी प्राप्त किया साथ ही और नर्सरी तैयार कैसे करते है प्रक्टिकल देखा एवं किया।और जैविक खेती के कार्य को सराहा, जैविक खेती करने का निर्णय लिया । इस कार्यक्रम मे जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू,भारतीय किसान संघ के जिलामंत्री एड्वोकेट निर्मल कुमार साहू, शहपुरा तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्या पटवारी सोहन साहू जी, प्रशिक्षार्थी महाराष्ट्र से अजीत मौर्या, उत्तर प्रदेश से संदेश मौर्या और अजीत कुमार मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# नशे से दूरी है जरूरी रीठी पुलिस ने उत्कृष्ट शासकीय स्कूल में चलाया नशामुक्ति अभियान

**कटनी।**

पुलिस मुख्यालय , भोपाल द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के दिशा निर्देशन मे आज दिनांक 15/07/25 को थाना रीठी स्थित उत्कृष्ट स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच उपस्थित होकर उन्हें नशे से दूरी है जरूरी विषय को समझाया साथ ही नशे से होने वाली आर्थिक ,शारीरिक , मानसिक व सामाजिक नुकसान को विस्तृत रूप से बच्चो के संवाद रखा गया , साथ ही नशे से होने वाली दैनिक जीवन में आने वाली परेशानी को बच्चो से प्रश्नोत्तर के माध्यम से समझा गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया साथ ही स्कूल में उपस्थित प्रधान अध्यापक ,



व अध्यापकों ने इस नशा मुक्ति जागरूक अभियान का स्वागत करते हुए शपथ ली कि ÷ न ही मैं नशा करूंगा न ही करने दूंगा, इससे अपने घर , परिवार , कुटुंब, समाज को बचाऊंगा ÷ के साथ नशे से दूर रहने हेतु प्रेरणादाई विडियोज भी दिखाए गए ।थाना प्रभारी निरी. राखी पाण्डेय , उप निरीक्षक विनोद पटेल , सउप निरीक्षक चुरामनी पाण्डेय प्रधान आर अजय मेहरा , आर अमन सिंह ,आर जफर अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं राशन दुकान संचालन में सरपंच पति की मनमानी

## ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

**बिलासपुर**



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर दराज से आए सैकड़ों ग्रामीणों की निजी और सामुदायिक समस्याएं इत्मीनान से सुनी और अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन में आए किसानों से चर्चा कर खेती-किसानी के ताजा हालात और खाद-बीज की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल एवं एडीएम श्री शिवकुमार बनर्जी ने भी लोगों की समस्याएं सुनी। साप्ताहिक जनदर्शन में सकरी तहसील के ग्राम देवरीकला के ग्रामीणों ने सरपंच पति के विरूद्ध राशन दुकान संचालन में मनमानी की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच रूपमणी सूर्यवंशी के पति श्री शत्रुहन सूर्यवंशी के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन मनमाने तरीके से किया जा रहा है। वे राशन देने के लिए ग्रामीणों को अंगूठा लगाने घर आने बोलते है और यदि कोई नहीं आता है तो उसे राशन नहीं दिया जाता है। बिना किसी मुनादी के राशन का वितरण किया जाता है और वितरण के समय राशन 200-300 ग्राम कम दिया जाता है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खाद्य नियंत्रक को जांच के निर्देश दिए है। नगर पंचायत मल्हार की अध्यक्ष श्रीमती धनेश्वरी कैवर्त ने नगर पंचायत मल्हार में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिजली बिल आने की शिकायत की। इस मामले को विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता देखेंगे। बेलतरा तहसील के ग्राम निपनिया के मुस्लिम समाज द्वारा समाज के लिए कब्रिस्तान हेतु जगह दिलाने आवेदन दिया गया। कलेक्टर ने पत्र एसडीएम बिलासपुर को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सेमरताल निवासी श्री दिलीप सूर्यवंशी ने आवास में रोजगार सहायक द्वारा फर्जीवाड़ा करने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि ग्राम रोजगार सहायक ने दिलीप सूर्यवंशी के आवास का पैसा गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के खाते में डाल दिया है, जिससे उनका घर अभी तक अधूरा है। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को जांच के निर्देश दिए है। कोटा ब्लॉक के ग्राम करहीकछार निवासी श्रीमती उर्मिला बैगा ने अपनी पुत्री निधि का आधार कार्ड बनवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि पुत्री का चयन आदिवासी कन्या छात्रावास कोटा में हो गया है लेकिन आधार कार्ड नहीं होने के कारण प्रक्रिया बाधित हो रही है। कलेक्टर ने आवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को भेजा। रतनपुर तहसील के ग्राम सिंघरी निवासी श्री महेंद्र साहू ने जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी 70 डिसमिल कृषि भूमि में से 20 डिसमिल पर दो लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। कलेक्टर ने इस मामले को एसडीएम को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# मनेंद्रगढ़ नगरपालिका परिषद को जनता की सेहत और समस्याओं से कोई सरोकार नहीं?

## गंदगी, मच्छरों और जलजमाव से जूझ रहे वार्डवासी




**फ़तवा समाचार भूपेंद्र सिंह गंभीर**

मनेंद्रगढ़/एमसीबी– जैसे ही बरसात का मौसम शुरू हुआ, वैसे ही मनेंद्रगढ़ शहर की नगरपालिका की लापरवाहियों की पोल खुल गई है। शहर के लगभग सभी वार्डों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण गली-मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे स्थानीय निवासियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गंदगी और रुके पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। शहरवासी नगर पालिका से लगातार साफ-सफाई और मच्छरनाशक दवाओं के छिड़काव की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि हर साल बरसात में यही हाल होता है, लेकिन पालिका सिर्फ दिखावटी कार्रवाई कर अपना पल्ला झाड़ लेती है। अब सवाल यह उठता है कि क्या नगरपालिका प्रशासन को जनता की सेहत और समस्याओं से कोई सरोकार नहीं? जनता जवाब मांग रही है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्य के सात नगरीय निकाय 17 जुलाई को होंगे पुरस्कृत

**बिलासपुर.**

> नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु देंगी पुरस्कार
> उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव विभागीय अधिकारियों और संबंधित निकायों के प्रतिनिधियों के साथ ग्रहण करेंगे पुरस्कार

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 17 जुलाई को आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव विभागीय अधिकारियों और संबंधित निकायों के प्रतिनिधियों के साथ पुरस्कार ग्रहण करेंगे। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को प्रेसीडेन्ट्स अवार्ड प्रदान करेंगी। स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर नगर निगम का तीन लाख से दस लाख तक आबादी (Big Cities) की शहरों की श्रेणी में, कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार जनसंख्या तक (Small Cities) की श्रेणी में और बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी (Very Small Cities) वाले शहरों की श्रेणी में इसके लिए चयनित किया गया है। राज्य स्तर पर स्वच्छता में अच्छे कार्यों के लिए केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा रायपुर नगर निगम को मिनिस्टरियल अवार्ड (Ministerial Award) प्रदान किया जाएगा। स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वाले शहरों को मान्यता देने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत इस बार सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) की एक विशेष श्रेणी की शुरूआत की जा रही है। इस लीग में उन शहरों को शामिल किया गया है जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हों और जो चालू वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण मूल्यांकन में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 200 में बने हुए हैं। सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) की विशेष एवं नवीन श्रेणी में असाधारण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में छत्तीसगढ़ के भी तीन नगरीय निकाय शामिल हैं। अंबिकापुर नगर निगम को 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में तथा पाटन नगर पंचायत और बिश्रामपुर नगर पंचायत को 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में एसएसएल के लिए चयनित किया गया है।

# साप्ताहिक समय सीमा की बैठक,वृहद स्तर पर पौधरोपण की तैयारियां करे सुनिश्चित- कलेक्टर

**सक्ती**

जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने पन्द्रह जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेके विभिन्न विभागों अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से जिले में पौधरोपण किए जा रहे तैयारियों की जानकारी तथा 25 जुलाई 2025 को जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों, प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए गयें। बैठक में कलेक्टर ने कार्यालय पहुंचे टी बी मरीजों को पोषक कीट प्रदान कर निःक्षय मित्र अभियान की शुरुआत की और जिले के सभी इच्छुक अधिकारियों कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों व जिलेवासियों से निःक्षय मित्र बनने की अपील की।

जिससे जिले को जल्द से जल्द टी बी मुक्त बनाया जा सके। कलेक्टर ने कृषि विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए जिला अंतर्गत फसलवार क्षेत्राच्छादन कार्यक्रम सहित अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है। बैठक में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की तहसीलवार विस्तारपूर्वक समीक्षा तथा राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# मनेंद्रगढ़ में दिशा सूचक बोर्ड का अभाव बन सकता है हादसों का कारण,एनएच की लापरवाही से बढ़ रही परेशानियां

**फ़तवा समाचार भूपेंद्र सिंह गंभीर**

### पीडब्ल्यूडी चौक पर आकर राहगीर और भारी वाहन हो रहे गुमराह

### खबर प्रकाशित होने के बाद भी कुम्भकर्ण की नींद ले रहा मनेंद्रगढ़ एनएच विभाग

एमसीबी/मनेंद्रगढ़– नेशनल हाईवे विभाग (NH) की गंभीर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। शहर के सबसे व्यस्ततम और महत्वपूर्ण चौक पीडब्ल्यूडी पर आज तक शहडोल व कटनी मार्ग की ओर जाने वाला कोई दिशा सूचक साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है। हाईवे निर्माण के वर्षों बाद भी यह बुनियादी व्यवस्था नहीं की गई, जिससे रोजाना राहगीर और विशेषकर भारी मालवाहक वाहन रास्ता भटक रहे हैं। अम्बिकापुर की ओर से आने वाले वाहन जब इस पीडब्ल्यूडी चौक पर पहुंचते हैं तो उचित दिशा-निर्देश के अभाव में वे गलती से शहर के अंदर घुस जाते हैं। इसके बाद उन्हें स्थानीय लोगों से सही रास्ता पूछना पड़ता है, जिससे न केवल उनका समय बर्बाद होता है बल्कि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। सबसे बड़ी समस्या तब पैदा होती है जब भारी वाहन तंग और भीड़भाड़ वाले शहरी रास्तों में फंस जाते हैं। इन्हें वापस मोड़ना न केवल मुश्किल होता है बल्कि इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। शहरवासियों का कहना है कि कई बार ऐसे हालात में स्कूल बसें, एम्बुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं को भी प्रभावित होना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने कई बार इस मुद्दे को उठाया है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आमजन का कहना है कि यदि जल्द ही इस चौक पर स्पष्ट दिशा-सूचक साइन बोर्ड नहीं लगाए गए, तो एक बड़ी दुर्घटना होना तय है। इस मुद्दे को फ़तवा समाचार पत्र ने प्राथमिकता से उठाया पर एनएच विभाग द्वारा इस विषय पर कोई ठोस कदम उठाना अभी तक उचित नही समझा बल्कि ये विभाग केवल कुंभकर्ण की नींद ले रहा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या NH विभाग किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है? प्रशासन और जिम्मेदार एजेंसियों को चाहिए कि इस मुद्दे को प्राथमिकता में लेकर तुरंत समाधान करें।

# व्याख्याता तरुण कुमार कुर्रे ने रक्तदान दान पीड़िता की जान बचाई

**सक्ती जिला** – शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकर्रा में पदस्थ व्याख्याता तरूण कुमार कुर्रे ने एक बार फिर रक्तदान कर पीड़िता की मदद की है।? रक्तदान करने के बाद व्याख्याता तरूण ने बताया कि उन्होंने ने आज छठवीं बार रक्तदान किया है और ऐसा करने के बाद वे आत्मिक शांति की अनुभूति कर रहे हैं। व्याख्याता ने आगे बताया कि हर किसी को रक्तदान जरूर करने चाहिए ऐसा करके हम किसी की जान बचा सकते हैं जो कि सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। शिक्षक ने आगे कहा कि आज के समय में रक्तदान सबसे बड़ा दान है हमें इससे पीछे नहीं हटने चाहिए। इस हेतु शिक्षक ने आज 14 जुलाई 2025 को मिसाल पेश किया। ज्ञात हो कि आज उन्हें उनके मित्र अरूण सोनवानी ने फोन पर बताया कि सक्ती अस्पताल में भर्ती एक मरीज को तत्काल खुन की आवश्यकता है । ऐसे में मरीज का ब्लड ग्रुप मेच होने की जानकारी पश्चात शिक्षक तरूण बिना देरी किए अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने मरीज श्रीमती सीता बाई चंद्रा, उम्र 45 वर्ष करिगांव निवासी को अपना खुन दिया।

# अपर कलेक्टर ने आमजनों की सुनी समस्याएं, गंभीरतापूर्वक निराकरण के दिए निर्देश

## कलेक्टर जनदर्शन में 28 आवेदन हुए प्राप्त

**फ़तवा समाचार भूपेंद्र सिंह गंभीर**

एमसीबी– कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज की जनदर्शन में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनदर्शन में आवेदक प्रदीप कुमार निवासी मनवारी पेट्रोल इंजन वाला पावर विडर दिलवाने के संबंध में, अनीशा बेगम निवासी मनेन्द्रगढ़ आवास योजना के तहत निर्मित मकान में पानी भरने के संबंध में, कविता निवासी सरोला योजनाओं का पैसा खाते में ना आने के संबंध में, अंकिता सिंह निवासी चिरमिरी चयन प्रक्रिया में धांधली के संबंध में, श्रीराम निवासी कछौड़ वन भूमि का पट्टा प्रदाय किए जाने के संबंध में, कौशिल्या निवासी उजियारपुर आवास पूर्ण में रोजगार गारंटी हाजिरी प्राप्त करने के संबंध में, बेलशिया निवासी सोनवर्षा आवास पूर्ण में रोजगार गारंटी हाजिरी प्राप्त करने के संबंध में, ममता कोल निवासी मनेन्द्रगढ़ नशा मुक्ति केन्द्र भेजने के संबंध में, इन्द्रपाल निवासी कछौड़ भूमि के संबंध में, राजकुमारी निवासी कछौड़ भूमि के संबंध में, अमित तिवारी निवासी मनेन्द्रगढ़ दो साल पूर्व दिए गए आवेदन पत्र पर कार्यवाही करने के संबंध में, अभिनव प्रसाद द्विवेदी सौर ऊर्जा के सर्वे कार्य में बिहान दीदियों को शामिल कर स्वावलंबी बनाने के संबंध में, नीरज सिंह निवासी मनेन्द्रगढ़ नेशनल हाईवे 43 पर अतिक्रमण के संबंध में, मो. सुफियान अहमद निवासी मनेन्द्रगढ़ शिक्षित बेरोजगार युवक के लिए दुकान आबंटन के संबंध में, पूरनचंद जायसवाल निवासी चिरमिरी नामांतरण करने के संबंध में, रैकुल अंसारी निवासी बेलबहरा राशि दिलवाने के संबंध में, मनीष सिंह निवासी खोंगापानी बीमारियों की रोकथाम हेतु दवाई छिड़काव एवं फॉगिंग कराने के संबंध में, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तरुण एक्का का विगत 4 वर्षों से स्थानांतरण न होने के संबंध में, साफ-सफाई नहीं किए जाने पर शम्भू मिश्रा के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में, इमरान खान निवासी खड़गवां भूमि के संबंध में, मो. शाबिर निवासी खड़गवां भूमि के संबंध में, कन्हैया लाल निवासी कछौड़ भूमि के संबंध में, महाबीर सिंह निवासी चैनपुर भूमि के संबंध में, हृदय सिंह निवासी दर्रीटोला प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर नहीं करने के संबंध में, गणेश निवासी कठौतिया अवैध कब्जे के संबंध में, राजेश घसिया निवासी चौघड़ा आवास की मांग के संबंध में, सुखमंती सिंह निवासी पोड़ी सड़क के संबंध में एवं सभी स्कूलों में एनसीईआरटी और छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें अनिवार्य रूप से लागू कराने के संबंध में अपनी शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे। अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीयन अनिवार्य

## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त

**बिलासपुर**




आगामी धान खरीदी खरीफ 2025-26 के लिए राज्य शासन ने एग्रीस्टेक प्रोजेक्ट के अंतर्गत एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन को सभी किसानों के लिए अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत प्रदेश भर के सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा, जिससे कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय पारदर्शिता के साथ आसानी से कर पायेंगे। जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है, तहसीलवार फार्मर आईडी पंजीयन बेलगहना 3939, बेलतरा 5852, बिलासपुर 4226, बिल्हा 6822, बोदरी 4326, कोटा 7396, मस्तुरी 8289, पचपेड़ी 11121, रतनपुर 4898, सकरी 10195, सीपत 6408, तखतपुर 13511 बिलासपुर जिले के कुल 86983 किसानों ने फॉर्मर आईडी बनवा लिए हैं। जबकी पूर्व वर्ष 2024-25 में धान विक्रय के लिए तहसीलवार बेलगहना 5987, बेलतरा 10175, बिलासपुर 8929, बिल्हा 11435, बोदरी 7014, कोटा 9550, मस्तुरी 18224, पचपेड़ी 13026, रतनपुर 6726, सकरी 16043, सीपत 10111, तखतपुर 20553 बिलासपुर जिले के कुल 137773 किसानों ने पंजीयन कराया था। फसल बीमा कराने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त का हस्तांतरण फार्मर आईडी (किसान कार्ड) के आधार पर किये जाने के निर्देश पीएम किसान सम्मान निधी योजना में हैं। जिले के 155366 किसानों का पंजीयन है, इसमें से अब तक केवल 67861 (43.68:) किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन कराया है। शेष 87505 किसान यदि एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी नहीं बनवाते हैं तो पीएम किसान सम्मान निधी योजना के किस्त से वंचित हो सकते हैं। एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं अथवा अपने क्षेत्र के सहकारी समिति अथवा निकटतम लोक सेवा केन्द्र (ब्ब्) में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। फॉर्मर आईडी बनवाने के लिए किसान को अपने सभी कृषि भूमि का बी-1, ऋण पुस्तिका, अधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाईल नम्बर (जिसमें आधार सत्यापन ओटीपी प्राप्त होती हो) की आवश्यकता होगी।

### किसान को मिलेगा 11 अंकों की विषिष्ट पहचान

पंजीयन पश्चात् किसानों को ''आधार'' के जैसे 11 अंकों की एक यूनिक फॉर्मर आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) मिलेगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे।

एग्रीस्टेक, भारत सरकार द्वारा विकसित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारतीय कृषि क्षेत्र को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। यह किसानों के लिए एक व्यापक डेटाबेस बनाने पर केंद्रित है, जिसमें उनकी पहचान, भूमि रिकॉर्ड, वित्तीय जानकारी, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास शामिल है। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों को प्राथमिक सहकारी समितियों तथा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से पंजीकरण करने की सुविधा प्रदान करता है। एग्रीस्टेक पोर्टल, छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगी।एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया गया फार्मर आईडी पंजीयन ई-केवाईसी युक्त होता है, जिससे दोहराव की संभावना समाप्त हो जाती है और किसानों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित होती है। राज्य शासन द्वारा यह व्यवस्था इसलिए की जा रही है ताकि कृषकों को शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। इसके लिए राज्य शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है, सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें। जिसमें पंजीयन की प्रक्रिया प्रतिवर्ष । 01जुलाई से 31अक्टूबर तक संचालित की जाती है। इस वर्ष भी खरीफ मौसम के लिए यह प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूर्ण की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस बार कृषक पंजीयन के लिए कृषि विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के बीच इंटर-डिपार्टमेंटल समन्वय को सुदृढ़ किया गया है। खाद्य विभाग ने धान खरीदी पोर्टल पर किसानों का डाटा एग्रीस्टेक की फार्मर रजिस्ट्री से एपीआई के माध्यम से लिया जाएगा, जो पूरी तरह से ई-केवाईसी आधारित होगा।इसी के साथ राजस्व विभाग ने संधारित भुइयाँ पोर्टल में दर्ज किसानों की भूमि जानकारी और गिरदावरी रिकॉर्ड को भी आधार सीडिंग के माध्यम से एकीकृत किया जा रहा है। वर्तमान में 85 प्रतिशत भूमि रिकॉर्ड का आधार सीडिंग हो चुका है। शेष कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे कृषकों के पंजीयन और आधार सीडिंग के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तय समय-सीमा में पूर्ण करें, जिससे जिले के सभी पात्र किसान समय पर पंजीकृत होकर समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर सकें। इस नई व्यवस्था से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, दोहराव रहित पंजीयन संभव होगा और किसानों को समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

**एग्रीस्टेक के मुख्य उद्देश्य** – किसानों का डेटाबेस, किसानों की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, वित्तीय जानकारी, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास को एक ही स्थान पर एकत्रित करना।

**डिजिटल सेवाएं:-** किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करना।

**वित्तीय समावेशन-** किसानों को किफायती ऋण और अन्य वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करना।

**पूर्व चेतावनी प्रणाली-** कीटों के हमले, सूखा, बाढ़ आदि जैसी आपदाओं के लिए स्थानीयकृत और अनुकूलित पूर्व चेतावनी प्रणालियाँ प्रदान करना।

**निजी भागीदारी-** निजी क्षेत्र की भागीदारी को सक्षम करना, जिससे किसानों के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले के सभी किसानों से अपील है कि 30 अगस्त 2025 तक एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन कराकर डिजिटल फॉर्मर आईडी (किसान कार्ड) बनवाएं और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र के लिए संपर्क करें पेपर, विज्ञापन, समाचार ,एजेंसी हेतु संपर्क करें आपके अपने क्षेत्र के लिए



धर्मेंद्र वस्त्रकर
स्थानीय संपादक कार्यालय बिलासपुर

# दिनचर्या में से कुछ पल सिर्फ अपने लिए निकालें: दीपिका



मुंबई (ईएमएस)। सेल्फ केयर माह के अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने प्रशंसकों से अपील की कि वे अपनी दिनचर्या में से कुछ पल सिर्फ अपने लिए निकालें और खुद का ध्यान रखें। दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक मिरर सेल्फी साझा की है, जिसमें वह फेस मास्क लगाए नजर आ रही हैं और हल्की मुस्कान के साथ दर्पण के सामने पोज दे रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए एक खास उपहार का इंतजार है। दीपिका पादुकोण अक्सर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पहचानी जाती हैं और उन्होंने कई बार खुलकर मेंटल हेल्थ पर बात की है। इसी बीच उनके करियर से जुड़ी एक बड़ी खबर यह है कि दीपिका ने अल्लू अर्जुन और निर्देशक एटली की आने वाली फिल्म एए22एक्सए6 साइन कर ली है। फिल्म प्रोडक्शन कंपनी सन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, विजय पथ पर अग्रसर रानी। स्वागत है दीपिका पादुकोण। इस घोषणा के साथ मेकर्स ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें निर्देशक एटली और दीपिका पादुकोण एक सोफे पर बैठे बातचीत करते दिख रहे हैं। वीडियो में दीपिका के कुछ मोशन कैप्चर शॉट्स की भी झलक दी गई है, जिसमें वह घोड़े पर सवार योद्धा के अवतार में तलवार चलाती नजर आती हैं।
माना जा रहा है कि फिल्म में दीपिका एक शक्तिशाली योद्धा की भूमिका निभाएंगी, जो एक नई और भव्य शैली में भारतीय सिनेमा में पेश की जाएगी। वहीं निजी जीवन में भी दीपिका बेहद खास दौर से गुजर रही हैं। वह और उनके पति रणवीर सिंह सितंबर 2024 में अपनी पहली संतान के माता-पिता बने। दोनों ने अपनी बेटी का नाम दुआ रखा है। दीपिका इन दिनों अपनी बेटी की देखभाल में भी व्यस्त हैं और इस नई जिम्मेदारी को बेहद प्यार और लगन से निभा रही हैं। दीपिका और रणवीर की प्रेम कहानी 2012 में शुरू हुई थी जब दोनों ने संजय लीला भंसाली की फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला के दौरान एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। कई साल तक रिश्ते में रहने के बाद दोनों ने 2018 में इटली में शादी की।

## मार्करम, हीली को पुरुष और महिला वर्ग से प्लेआर ऑफ द मंथ अवार्ड

**दुबई ■ एजेंसी**


अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम को जून महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया है। मर्कराम ने डब्ल्यूटीसी 2025 के फाइनल में शतक लगाकर दक्षिण अफ्रीकी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं महिला वर्ग में ये अवार्ड वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हीली मैथ्यूज को दिया गया है। मैथ्यूज ने चौथी बार ये खिताब पर कब्जा जीता और वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली विश्व की दूसरी महिला क्रिकेटर हैं, जिन्होंने चार बार ये अवॉर्ड अपने नाम किया है। मार्करम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल की दूसरी पारी में 207 गेंदों में 136 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 147 रनों की साझेदारी कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ निभाई थी। इसके अलावा 2 विकेट भी उन्होंने लिए थे। मार्करम की पारी से ही दक्षिण अफ्रीकी टीम को जीत मिली थी। वहीं मैथ्यूज ने घरेलू धरती पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जबरदस्त खेल दिखाकर चौथी बार खिताब जीता। मैथ्यूज ने इससे पहले नवंबर 2021, अक्टूबर 2023 और अप्रैल 2024 में भी ये अवार्ड जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर के बाद यह पुरस्कार चार बार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। वेस्टइंडीज की कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एक दिवसीय मैचों में 104 रन बनाए, जिसमें तीसरे मैच में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। उन्होंने सीरीज में चार विकेट भी लिए थे। इसके अलाव 2-1 से टी20 सीरीज की जीत में भी उनकी अहम भूमिका रही थी।

# रोमांचक मैच में इंग्लैंड ने भारत को 22 रनों से तीसरा टेस्ट मैच हराया

### काम नहीं आई जडेजा की पारी, सिराज के विकेट ने तोड़ा भारतवासियों का दिल

**लॉर्ड्स**

भारतीय टीम को तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 22 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। इस मैच में इंग्लैंड ने भारत को जीतने के लिए 193 रनों का टारगेट दिया था, जिसके जवाब में भारतीय टीम 170 रनों पर ऑलआउट हो गई। एक समय भारतीय टीम ने 112 रनों पर ही 8 विकेट गंवा दिए थे और वहीं से उसका मैच हारना निश्चित लग रहा था, लेकिन रवींद्र जडेजा क्रीज के एक छोर पर टिक गए। फिर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। इससे भारत की जीत की उम्मीदें जाग गईं।



सिराज संयम के साथ बैटिंग कर रहे थे, लेकिन शोएब बशीर की गेंद पर चकमा खा गए और वह भारत के आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए।

#### जडेजा के टेस्ट में हुए पोंटिंग से ज्यादा छक्के

रवींद्र जडेजा ने अभी इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 181 गेंदों में 61 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला है। लेकिन अपनी पारी में एक छक्का लगाते ही वह टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में रिकी पोंटिंग से आगे हो गए हैं। जडेजा के टेस्ट में 74 छक्के हो गए हैं। जबकि पोंटिंग ने अपने पूरे टेस्ट करियर में कुल 73 छक्के लगाए थे। रवींद्र जडेजा बहुत ही शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने दूसरे टेस्ट की दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए थे और 89, 69 रनों की पारियां खेली थी। अब तीसरे टेस्ट में भी उन्होंने अपना जलवा कायम रखा है। तीसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 72 रन और दूसरी पारी में वह 61 रन बनाकर नाबाद रहे। भले ही वह तीसरे मुकाबले में टीम को नहीं जिता पाए, लेकिन अपनी बैटिंग से सभी को प्रभावित करने में सफल रहे।

#### विराट कोहली भी हो गए पीछे

रवींद्र जडेजा अब इंग्लैंड में विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे से ज्यादा टेस्ट में फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जडेजा ने इंग्लैंड में टेस्ट में अभी तक कुल 8 फिफ्टी प्लस स्कोर बनाए हैं, जबकि विराट और रहाणे के नाम पर इंग्लैंड में टेस्ट में 7-7 फिफ्टी प्लस स्कोर दर्ज हैं। तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 387 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने भी पहली पारी में 387 रन बनाए थे।

#### शोएब बशीर ने लिया सिराज का विकेट

भारत के खिलाफ दूसरी पारी का 75वां ओवर शोएब बशीर ने फेंका। इस ओवर की पांचवीं गेंद मोहम्मद सिराज ने खेली। जो ऑफ स्टंप के बाहर डाली गई और सिराज के बल्ले से लगने के बाद जमीन पर गिर गई। इसके बाद लढ़कती हुई लेग स्टंप की तरफ जाती है। सिराज उसे पैर से रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन गेंद स्टंप पर जाकर लग जाती है। इसी के साथ भारत का आखिरी विकेट गिर जाता है। स्टेडियम में बैठे हुए भारतीय क्रिकेट फैंस निराश हो जाते हैं।

## बीते सप्ताह स्टार्टअप फंडिंग 95 मिलियन डॉलर पर, 17 स्टार्टअप ने विभिन्न चरणों में निवेश पाया

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारत में स्टार्टअप फंडिंग बीते हफ्ते करीब 95 मिलियन डॉलर रही, जिसमें 17 स्टार्टअप ने विभिन्न चरणों में निवेश हासिल किया। इसमें से पांच विकास-चरण और 10 प्रारंभिक चरण के सौदे थे, जबकि दो स्टार्टअप ने अपने फंडिंग डिटेल्स का खुलासा नहीं किया। शहरों में, बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप छह सौदों के साथ सबसे आगे रहे, इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में चार सौदे हुए। मुंबई, हैदराबाद और अन्य शहरों में भी गतिविधि दिखी। बीते हफ्ते चार सौदों के साथ फिनटेक सबसे अधिक फंडेड सेक्टर के रूप में उभरा।
इसके बाद डीपटेक और एसएएएस स्टार्टअप ने दो-दो सौदे किए, जबकि प्रॉपटेक, फूडटेक और ओटीटी स्टार्टअप ने भी फंड जुटाया। बीते हफ्ते सात सौदों के साथ सीड फंडिंग राउंड का बोलबाला रहा। सीरीज ए और प्री-सीरीज ए राउंड में दो-दो सौदे हुए, जबकि प्री-आईपीओ, डेट और सीरीज बी राउंड भी शामिल थे। पिछले आठ हफ्तों में एवरेज स्टार्टअप फंडिंग लगभग 205.24 मिलियन डॉलर रही है, जिसमें प्रति




सप्ताह करीब 21 सौदे हुए।
ग्रोथ और लेट-स्टेज स्टार्टअप्स ने सामूहिक रूप से 72.9 मिलियन डॉलर जुटाए। प्रॉपटेक फर्म स्मार्टवर्क्स इस सूची में सबसे आगे रही, जिसने प्री-आईपीओ राउंड में 20 मिलियन डॉलर जुटाए।
शिक्षा-केंद्रित एनबीएफसी वर्थना ने डेट फाइनेंसिंग के माध्यम से 159 करोड़ रुपए (लगभग 18.5 मिलियन डॉलर) जुटाए। क्लीन-लेबल फूड ब्रांड केह्तिका ने नरोत्तम सेखसरिया फैमिली ऑफिस और अनिकट कैपिटल के नेतृत्व में सीरीज बी राउंड में 18 मिलियन डॉलर जुटाए।
फिनटेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी क्रेडिट वाइज कैपिटल और एविस हॉस्पिटल भी सप्ताह फंडिंग सूची में शामिल थे। शुरुआती चरण की श्रेणी में 10 स्टार्टअप्स ने कुल 22.11 मिलियन डॉलर जुटाए। तकनीक-सक्षम एनबीएफसी इनप्राइम फिनसर्व ने प्रवेगा वेंचर्स से सीरीज ए राउंड में 6 मिलियन डॉलर जुटाकर इस सेगमेंट का नेतृत्व किया। फंड जुटाने वाले दूसरे स्टार्टअप्स में एनआरआई-केंद्रित फिनटेक प्लेटफॉर्म बिलॉन्ग, ओटीटी माइक्रोड्रामा ऐप चाय बिस्केट, होम सर्विसेज स्टार्टअप क्लीन फैनेटिक्स और डीपटेक फर्म ग्रीन एयरो शामिल हैं। रणनीतिक विकास में, वर्कस्पेस सॉल्यूशन प्रोवाइडर इनक्यूस्पेज ने वीएसओयूटी का अधिग्रहण किया, जो एक बीटूबी एसएएएस प्लेटफॉर्म है और कमर्शियल रियल एस्टेट के लिए क्यूरेटेड डेटा एनालिटिक्स प्रदान करता है। इसके अलावा, एक गैर-बैंक ऋणदाता, इन्फिनिटी फिनकॉर्प सॉल्यूशन ने ग्लोबल इंवेस्टमेंट फर्म पार्टनर्स ग्रुप के साथ एक शेयर खरीद और सदस्यता समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो कंपनी में महत्वपूर्ण बहुमत हिस्सेदारी हासिल करेगा।

## ओला इलेक्ट्रिक के तिमाही राजस्व में 35.5 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 828 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछली तिमाही (जनवरी-मार्च) के 611 करोड़ रुपए की तुलना में 35.5 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने इस दौरान 68,192 स्कूटरों की आपूर्ति की, जबकि पिछली तिमाही में यह संख्या 51,375 थी। यह तिमाही आधार पर 32.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। ओला इलेक्ट्रिक का कहना है कि फिलहाल उसका एकीकृत परिचालन व्यय 150 करोड़ प्रतिमाह है, जिसे वर्ष के अंत तक घटाकर 130 करोड़ प्रतिमाह करने का लक्ष्य रखा गया है।

## चीन का निर्यात जून में 5.8 प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग ■ एजेंसी**

चीन के निर्यात में जून महीने में तेज़ी दर्ज की गई, जिससे व्यापार क्षेत्र में सुधार के संकेत मिले हैं। सोमवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, चीन का निर्यात सालाना आधार पर 5.8 फीसदी बढ़ा, जबकि मई में यह वृद्धि 4.8 फीसदी थी। इसी दौरान आयात में भी 1.1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो इस साल पहली बार दर्ज की गई है। हालांकि, अमेरिका को निर्यात में 16 फीसदी की गिरावट आई है, लेकिन यह मई की 34.5 फीसदी की गिरावट की तुलना में काफी कम है। अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार विवाद में दोनों देशों ने कुछ शुल्कों को अस्थायी रूप से वापस लेने का फैसला किया है। फिर भी, ट्रंप प्रशासन ने 35 फीसदी तक का नया शुल्क लगाया है। व्यापार में यह सुधार अप्रैल-जून तिमाही में चीन की आर्थिक वृद्धि बढ़ा सकता है। इस तिमाही के आर्थिक आंकड़े मंगलवार को जारी होंगे।

## सिराज पर 15 फीसदी जुर्माना लगा



**लॉर्ड्स ■ एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर आचार संहिता उल्लंघन के लिए 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज किया गया है। सिराज पर ये जुर्माना आक्रामक रुख दिखाने के लिए लगाया गया है। आईसीसी के अनुसार सिराज ने इंग्लैंड के बेन डकेट को आउट करने के बाद जिस प्रकार से आक्रामक प्रतिक्रिया जतायी वह सही नहीं थी। उन्होंने डकेट से कंधे से कंधा मिला दिया, जिसके बाद अंपायरों ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक के अनुसार सिराज ने अपने इस व्यवहार से गलत उदाहरण पेश किया है। कुक के अनुसार सिराज को ऐसा व्यवहार करने की कोई जरूरत नहीं थी।
इसके बाद कुक ने कहा, यह स्वीकार नहीं है। आपको किसी के सामने पर इस तरह चिल्लाना नहीं चाहिए। मैं पूरी तरह से कहता हूं कि यह गलत था। किसी से टकराना नहीं चाहिये। विकेट का जश्न ऐसे मनाएं जैसे आप चाहते हैं। आपने उसे आउट कर दिया है; आपको उसे देखने और उसके चेहरे पर चिल्लाने की जरूरत नहीं है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि इसके परिणाम होंगे, और परिणाम होने चाहिए। यह मेरी राय है। मुझे लगा कि इसने सीमा पार कर दी। कुक ने एक दिन पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों डकेट और जैक क्राउली के बीच हुई तीखी बहस को लेकर कहा कि उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है। शुभमन तब भड़क गए थे जब क्रॉली समय बर्बाद कर रहे थे।


## भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स, रिलायंस रिटेल टॉप 10 में शामिल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत में स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है और कई कंपनियां यूनिकॉर्न की कैटेगरी में आ चुकी हैं। यूनिकॉर्न कंपनी वह होती है जिसकी वैल्यू एक अरब डॉलर से अधिक होती है। दुनिया में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या के मामले में अमेरिका पहले नंबर पर है, उसके बाद चीन और फिर भारत का स्थान है। वर्तमान में अमेरिका में लगभग 793 यूनिकॉर्न हैं, जबकि चीन में 284 और भारत में 88 यूनिकॉर्न कंपनियां हैं। यूरोप, यूके, सिंगापुर, इजरायल जैसे अन्य देशों में भी यूनिकॉर्न्स की अच्छी संख्या देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी यूनिकॉर्न कंपनी एलन मस्क की स्पेसएक्स है, जिसकी वैल्यू 350 अरब डॉलर है। इसके बाद ओपनएआई 300 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है, जो चैटजीपीटी जैसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के लिए जानी जाती है। तीसरे नंबर पर टिकटॉक की पेरेंट कंपनी बाइटडांस है, जिसकी वैल्यू 220 अरब डॉलर है। चीन की एंटग्रुप कंपनी 150 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर है। भारत की सबसे बड़ी यूनिकॉर्न कंपनी मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल है, जिसकी वैल्यू 100 अरब डॉलर है। यह एशिया की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी भी है और टॉप 10 यूनिकॉर्न कंपनियों में पांचवें स्थान पर है। इसके अलावा अमेरिका की एक्सएआई, चीन की शीन, अमेरिका की स्ट्राइप, डेटाब्रिक्स और एंथ्रोपिक जैसी कंपनियां इस सूची में शामिल हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में यह तेजी दर्शाती है कि देश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है।

# ब्रेन ट्यूमर होने पर दिखते हैं ये गंभीर संकेत, डॉक्टर बता रहे हैं कैसे करें अपना बचाव

ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क में कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि के कारण होने वाली एक गंभीर स्थिति है, जो समय पर पहचान और उपचार न होने पर जानलेवा भी साबित हो सकती है। पीएसआरआई अस्पताल में स्थित वरिष्ठ सलाहकार, न्यूरोलॉजी, डॉ. भार्गवी रामानुजम कहते हैं कि यह ट्यूमर कैंसरयुक्त (मेलिग्नेंट) या गैर-कैंसरयुक्त (बेनाइन) हो सकता है, लेकिन दोनों ही मामलों में यह मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। ट्यूमर का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि वह मस्तिष्क के किस हिस्से में है और उसका आकार कितना है।




### ब्रेन ट्यूमर के लक्षण:

ब्रेन ट्यूमर के लक्षण कई बार सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं जैसे ही प्रतीत होते हैं, लेकिन यदि वे लगातार बने रहें तो यह चिंता का विषय हो सकता है। सबसे आम लक्षणों में शामिल हैं- लगातार और बढ़ती हुई सिरदर्द जो अक्सर सुबह के समय ज्यादा होती है, अचानक चक्कर आना या संतुलन खो देना, बिना किसी स्पष्ट कारण के मतली और उल्टी होना, नजर कमजोर पड़ना या डबल विजन आना, बोलने में कठिनाई या शब्दों को समझने में समस्या, शरीर के किसी एक हिस्से में कमजोरी या सुन्नपन महसूस होना, व्यवहार में असामान्य परिवर्तन या मिर्गी जैसे दौरे आना, खासकर अगर यह पहली बार हो रहा हो।
इन लक्षणों की उपेक्षा करना खतरनाक हो सकता है। यदि इनमें से कोई भी लक्षण लगातार दिखाई दे रहा हो, तो तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट या न्यूरोसर्जन से संपर्क करें। सही समय पर किए गए एमआरआई या सीटी स्कैन से ट्यूमर की पुष्टि और स्थिति का पता लगाया जा सकता है, जिससे इलाज की दिशा निर्धारित होती है।

### रोकथाम के उपाय:

हालांकि ब्रेन ट्यूमर की 100 प्रतिशत रोकथाम संभव नहीं है, लेकिन कुछ उपायों से खतरा कम किया जा सकता है। जैसे- मोबाइल और वायरलेस उपकरणों का अत्यधिक उपयोग सीमित करना, रसायनों या रेडिएशन से युक्त वातावरण से बचना, हेल्दी डाइट लेना जिसमें एंटीऑक्सीडेंट शामिल हों और यदि परिवार में कैंसर या न्यूरोलॉजिकल बीमारी का इतिहास हो तो नियमित स्वास्थ्य जांच कराना। ब्रेन ट्यूमर के इलाज में सर्जरी, कीमोथैरेपी, रेडिएशन और अन्य न्यूरोलॉजिकल थेरेपीज़ शामिल हो सकती हैं। उपचार की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि रोग कितनी जल्दी पहचान लिया गया है। इसलिए जरूरी है कि व्यक्ति अपने शरीर के संकेतों को गंभीरता से ले और समय पर उचित परामर्श ले। यही कहा जा सकता है कि ब्रेन ट्यूमर से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है- जागरूकता, सतर्कता और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप। अपनी और अपने प्रियजनों की सेहत के प्रति सतर्क रहें, क्योंकि समय रहते की गई कार्रवाई ही जीवन बचा सकती है।

# सहजन की पत्तियों में छिपा है पोषक तत्वों का भंडार, जानें यह किन बीमारियों में है अमृत समान?

सहजन, जिसे मोरिंगा, सहजना जैसे कई नामों से जाना जाता है, सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। जिस तरह सहजन की फली सेहतमंद मानी जाती है, ठीक उसी तरह इसकी पत्तियां भी किसी पोषक तत्वों के खजाने से कम नहीं हैं। सहजन की पत्तियों में एंटीऑक्सीडेंट, क्लोरोफिल, विटामिन सी, प्रोटीन, कैल्शियम जैसे कई ज़रूरी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।
यही वजह है कि ये पत्तियां कई गंभीर बीमारियों जैसे डायबिटीज, कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर, दिल से जुड़ी बीमारियां, आंखों की बीमारियां और गठिया में बेहद फायदेमंद साबित होती हैं। यदि आप भी डायबिटीज, कैंसर, या हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं, तो सहजन की पत्तियों को अपनी डाइट में शामिल करना आपके लिए किसी अमृत से कम नहीं होगा।



### सहजन की पत्तियों के फायदे:

ब्लड शुगर कंट्रोल करने में सहायक- अगर आप ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करना चाहते हैं, तो सहजन की पत्तियां आपके लिए बेहतरीन विकल्प हैं। दरअसल, सहजन की पत्तियों में एंटी-डायबिटीज गुण मौजूद होते हैं, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद लाभकारी हो सकते हैं। इसलिए, शुगर के मरीजों को इसे अपनी डाइट में ज़रूर शामिल करना चाहिए।
हाई ब्लड प्रेशर में फायदेमंद- सहजन की पत्तियां हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए भी काफी कारगर साबित होती हैं। इनमें पोटैशियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकती है। साथ ही, यह रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसल्स) को भी ठीक से काम करने में सहायता करती हैं। ऐसे में, हाई ब्लड प्रेशर के मरीज इसे अपनी डाइट में शामिल करके अपने ब्लड प्रेशर को आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं।
कैंसर से बचाव में मददगार- क्या आप जानते हैं कि सहजन की पत्तियों का सेवन करने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से भी बचा जा सकता है? जी हां, इसमें एंटीऑक्सीडेंट, जिंक और विटामिन सी जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो कैंसर मरीजों के लिए बेहद लाभकारी हो सकते हैं और शरीर को कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करते हैं।
पाचन तंत्र रहेगा दुरुस्त- सहजन की पत्तियों में फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करने में बहुत लाभकारी होता है। इसके सेवन से पेट संबंधी बीमारियों जैसे कब्ज, अपच और गैस में भी फायदा मिलता है, जिससे आपका पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है।

# छात्रावास में रह रहे बच्चों के साथ अधीक्षक एवं उनका स्टाफ संवेदनशीलता के साथ करें व्यवहार- उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग

## छात्रावासों में 25 जुलाई तक सभी सीटो के भरने की कार्यवाही पूरी कर लें अधीक्षक

**शहडोल**

संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य विभाग श्री जे.पी. यादव ने शहडोल जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय छात्रावासों के अधीक्षकों की बैठक लेकर निर्देश दिए है कि छात्रावास अधीक्षक मुख्यालय पर ही निवास करें तथा निवासरत छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। भोजन की गुणवत्ता अच्छी हो. भोजन बनते समय तथा बच्चों के भोजन करते समय अधीक्षक स्वयं उपस्थित रहें। जर्जर तथा जीर्णशीर्ण भवनों में संस्था का संचालन नहीं किया जाए। वर्षाकाल में पौधारोपण किया जाए, जो पौधे रोपे जाएं, उन्हें वायुदूत ऐप पर अपलोड करें। किचन गार्डन विकसित करें तथा विभिन्न प्रकार की सब्बिजयां, फूल लगावें, इससे शुद्ध वातावरण एवं ताजी सब्जियां प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी कन्या छात्रावासों में सी.सी.टी.वी. कैमरे चालू हालत में रखने, पालको को छोडकर अन्य लोगों का प्रवेश निषेध रखना सुनिश्चित करें। बच्चों के साथ पालको के अलावा किसी के साथ घर न भेजे। छात्रावास में सुई धागा एवं विभिन्न रंगों के बटन रखे जाए, किसी भी संस्था में टूटे बटन वाले कपडे में विद्यार्थी नहीं मिलना चाहिए, नेलकटर भी उपलब्ध रहें।सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जावे। शौचालय, कमरे एवं संपूर्ण परिसर साफ सुथरा रखे। श्री यादव ने छात्रावास अधीक्षकों से समस्त प्रकार की पंजियां दैनिक रूप से संधारित किए जाने के निर्देश दिए। किसी भी स्थिति में फर्जी उपस्थिति दर्ज नही करें। रोज का काम रोज करने की आदत विकसित करें। छात्रावास अधीक्षक बच्चों की पढाई पर ध्यान दें। प्रतिदिन शाम को बच्चों का गृह कार्य करावें एवं जिस विषय में विशेषज्ञ हैं उन विषयों का अध्यापन कार्य भी करावें। इसे निरीक्षण के दौरान देखा जावेगा। विद्यार्थियों को पालको से समय-समय पर दूरभाष पर सम्पर्क करावें ताकि उन्हें पालको की ज्यादा याद न सतावे। बच्चों के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि छात्रावास अधीक्षक छात्रावासो में प्रवेश प्रक्रिया 25 जुलाई 2025 तक पूर्ण करें, जहां स्थान रिक्त हैं उनका व्यापक प्रचार प्रसार करें, कोई भी सीट रिक्त न रहे यह सुनिश्चित करें।

श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे छात्रावासों का नियमित एवं गुणवत्ता पूर्ण निरीक्षण करें तथा समस्याओं का समाधान करें। अच्छे कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें, अनुशासनहीन और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही करें। बैठक में सहायक आयुक्त श्री आनंद राय सिन्हा, क्षेत्र संयोजक श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी, श्री अनुराग श्रीवास्तव, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा सभी छात्रावासों के छात्रावास अधीक्षक उपस्थित थे।

# 24 घण्टे के भीतर हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया




थाना करनपठार पुलिस द्वारा थाना करनपठार में दर्ज अप. क्र. 204/2025 धारा 103(1), 3(5) बी. एन. एस. ( हत्या जैसे जघन्य अपराध) के आरोपी - संतोष सिंह पिता बुद्धा सिंह उम्र 35 वर्ष, (अपचारी बालक - ङ्ग) दोनो निवासी ग्राम करौंदी थाना करनपठार जिला अनूपपुर को मामला दर्ज होने के 24 घण्टे के भीतर हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । श्रीमान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पुष्पराजगढ के मार्गदर्शन एवं निरी. पी. सी कोल थाना प्रभारी थाना करनपठार के नेतृत्व में हमराह उप निरी. लियाकत अली, सउनि. मुनीन्द्र गवले, प्रआर. 134 अमर सिंह, प्रआर. 46 बसंत सिंह, आर. 287 विनोद कुमार, आर. 476 संतोष मरावी, चा. आर. 459 विक्रम सिंह मरावी थाना करनपठार के द्वारा लगन एवं कडी मेहनत किया गया विवरण - दिनांक 13/07/2025 को रात्रि करीबन 10.00 बजे हम परिवार के लोग खाना खाकर सो रहे थे तब मेरे जेठाउत संतोष बैगा एवं उनका लडका अमरेश बैगा हमारे घर पास आकर गाली गलौज कर रहे थे और कह रहे थे कि हम तुम लोगो को जमीन का एक इन्च नही देगें कल से खेत में जाना नही नही तो वही मार कर गाड देगें तब मैं और मेरे पति बाबूलाल घर बाहर निकले और संतोष बैगा और अमरेश बैगा को समझा बुझा कर उनको घर जाने को कही और अपने पति को भी घर भीतर जाने को कही तब संतोष बैगा और उसका लडका अमरेश बैगा फिर से गाली गलौज देते हुए घर से आये और अपने घर से गाली देते आ रहे थे तब मैं उन्हे एक बार फिर उनके घर समझा बुझाकर भेजकर आई और अपने पति बाबूलाल बैगा को घर भीतर चलने को कही कुछ देर में रात करीबन 11.00 बजे फिर संतोष बैगा और अमरेश बैगा हमारे घर के दरवाजे सामने आकर कहने लगे कि जमीन में जाना नही तो मैं तुम्हे जान से मारदूगां यह कहते हुये संतोष बैगा गाली देते हुए हाथ में डण्डा लेकर आया और मेरे पति बाबूलाल के कंधा में डण्डा से मारने लगा और अपने लडका अमरेश बैगा को बोला अमरेश टंगिया लेकर जल्दी आ और बाबू लाल को आज जान से मारकर निपटा देगें इतने अमरेश बैगा घर भीतर से टंगिया लेकर आया और बाबू लाल मेरे पति के सिर में टंगिया से मार दिया जिससे मेरे पति बाबू लाल घर के सामने जमीन में गिर गये उनके सिर में खून निकलने लगा तब मेरी बहू 108 एम्बूलेन्स को फोन करके बुलाई थोडी देर में मेरी पति खून से लथपथ हो गये और कापने लगे तब हम लोग उनका खून से सना कपडा उतार कर घर में रख दिये और कम्बल ओढा दिये थे जब 108 एम्बूलेन्स आई तब हम लोग मेरे पति को ईलाज कराने करपा अस्पताल लाये करपा से राजेन्द्र ग्राम अस्पताल लाये जहा से रिफर होने पर जिला अस्पताल अनूपपुर सुबह 06.00 बजे करीब भर्ती कराकर ईलाज करा रहे थे कि घटना के बाद से ही मेरे पति बेहोश थे उन्हे दोबारा होश नही आया और ईलाज के दौरान दिन में करीबन 11.30 बजे जिला अस्पताल में खत्म हो गये है । मेरे पति बाबू लाल को संतोष बैगा व अमरेश बैगा हत्या करने की नियत से डण्डा व टंगिया से जमीन की बात को लेकर मारपीट कर हत्या कर दिये है । घटना को लडका राम करण बैगा, बहू बसनिहा बाई एवं घर में मौजूद परिवार के लोग देखे सुने है । रिपोर्ट करती हूँ । कार्यवाही की जाये । कि मामला दर्ज किया बाद आरोपी, बाल अपचारी को हिरासत में लेकर मेमोरण्डम कथन लेख कर पूछतांछ किया जो जुर्म करना स्वीकार करने पर जे.आर. पर पेश माननीय न्यायालय किया गया । उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. पी. सी. कोल, हमराह उप निरी. लियाकत अली, सउनि. मुनीन्द्र गवले, प्रआर. 134 अमर सिंह, प्रआर. 46 बसंत सिंह, आर. 287 विनोद कुमार, आर. 476 संतोष मरावी, चा. आर. 459 विक्रम सिंह मरावी थाना करनपठार का अहम सराहनीय योगदान रहा ।

# जिले में 15 जुलाई को 12.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज जिले में अब तक दर्ज की गई 523.5 मि.मी. औसत वर्षा

**शहडोल**

अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 15 जुलाई को जिले में कुल 12.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 28 मिमी., बुढ़ार में 27 मिमी., गोहपारू में 0 मि.मी., जैतपुर में 9 मिमी, चन्नौड़ी में 20 मिमी., ब्यौहारी में 3 मिमी, जयसिंहनगर में 2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 563 मिमी., बुढ़ार में 318 मिमी., गोहपारू में 504 मि.मी., जैतपुर में 628 मिमी, चन्नौड़ी में 647 मिमी., ब्यौहारी में 646 मिमी, जयसिंहनगर में 379 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 523.5 मिमी. दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 260.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# सड़क में गडड़े या गडडों में सड़क



**सतना।** जिले के सतना से सेमरिया मार्ग की दुर्दशा एक गंभीर समस्या है जो कई क्षेत्रों में देखी जा रही है। सड़क की खराब स्थिति से यातायात और लोगों की सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। त्रिपल इंजन की सरकार के बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं होना चिंताजनक है। इस समस्या के समाधान के लिए समाजसेवियों के कुछ सुझाव लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी तय की जाए, विभाग को सड़क की स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। महेंद्र सिंह सोलंकी लखनवाह, रवि प्रताप सिंह निवासी ग्राम कोटर चक्रधर सिंह वीरू अबेर नियमित निरीक्षण और रखरखाव, सड़कों का नियमित निरीक्षण और रखरखाव आवश्यक है ताकि समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके। प्रहलाद साकेत निवासी ग्राम पंचायत अबेर। स्थानीय लोगों की भागीदारी, स्थानीय लोगों को भी सड़क की स्थिति में सुधार के लिए सुझाव देने और निगरानी करने में शामिल किया जा सकता है। संजय गौतम निवासी पवैया। राजेश साकेत निवासी तिहाई। आशा है कि सरकार और विभाग इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द ही कदम उठाएंगे।

# खुशियों की दास्तां प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना पवन कुमार शाह की बदली किस्मत

## मत्स्य पालन से आत्मनिर्भर बने पवन कुमार शाह





**अनूपपुर**

अनूपपुर जिले के नगर परिषद डोला के निवासी श्री पवन कुमार शाह पिता श्री तुलसी नारायण शाह ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि शासन की योजनाएं ज़मीन पर ईमानदारी से उतरें और उनमें किसान की मेहनत का संकल्प जुड़ जाए, तो सफलता निश्चित है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत उन्हें वर्ष 2021-22 में केज कल्चर के लिए 30 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ, जिसने उनकी किस्मत ही बदल दी। इस सहयोग से उन्होंने जलाशयों में आधुनिक पद्धति से मछली पालन प्रारंभ किया। वे अब रेहू, कतला, मंगुर, पंसाग जैसी विभिन्न मछली प्रजातियों का उत्पादन करते हैं। वैज्ञानिक तकनीकों, अनुशासन और निरंतर प्रयासों से श्री शाह ने मत्स्य पालन को लाभदायक व्यवसाय बना लिया है। आज वे प्रतिमाह लगभग 1 लाख रुपए की मछलियों का विक्रय करते हैं और 40 से 50 हजार तक की शुद्ध आय अर्जित कर आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर हैं। श्री शाह का कहना है कि यह सफलता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष परिणाम है। वे दोनों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले आरोपियों के विरुद्ध अमरपाटन पुलिस की कार्यवाही



1.833 किग्रा मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए टू आईसी प्रभारी उनि सुशील तिवारी और उनकी टीम द्वारा मादक पादर्थ गांजा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आरोपियों के कब्जे से 1.833 किग्रा मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया

घटना का विवरण दिनांक 14.07.25 को थाना अमरपाटन पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा अमरपाटन पडक्का औद्यौगिक क्षेत्र में दो व्यक्ति जो बुलेट रखे है दोनो व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा एक झोले में बिक्री हेतु अपने पास रखे हुए है तस्दीक पर मुखबिर की सूचना सही पाए जाने पर पुलिस टीम के द्वारा आरोपी सौरभ पटेल पिता राजेश पटेल उम्र 19 वर्ष नि. जरियारी थाना देहात जिला मैहर एवं एक विधि विरुद्ध किशोर (परिवर्तित नाम) के कब्जे से 1.833 किग्रा मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया । एवं उपरोक्त के विरुद्ध धारा 8,20 एन.डी.पी.एस.एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया गया ।

गिरफ्तार आरोपी- सौरभ पटेल पिता राजेश पटेल उम्र 19 वर्ष नि. जरियारी थाना देहात जिला मैहर एवम एक विधि विरुद्ध किशोर

जप्ती-01. दो नग एन्ड्रायड टचस्क्रीन मोबाल कीमती ङ्क 10 ,000 रु

02. एक अदद बुलेट मोटर साइकल क्र. स्क्क19ई्ह 7305 कीमत 200,000 रुपये

03.1.833 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 20,000 रुपये

सराहनीय भूमिका- टूआईसी. प्रभारी उनि सुशील तिवारी ,सउनि हरीलाल वर्मा , प्र.आर. रवि सिंह , प्र.आर. नरसिंह शर्मा आर.संतोष राय ,आर. जितेन्द्र , आर. सुरजीत , सै. सौखीलाल

# सतना सरकारी अस्पताल में गर्भस्थ शिशु को बता दिया मृत, प्राइवेट हॉस्पिटल में डिलीवरी के बाद निकला जीवित



**सतना।**

जिला अस्पताल में बड़ा मामला सामने आया, जहां मैहर जिले से रेफर जिला अस्पताल आई गर्भवती महिला को उसके बच्चे के जन्म से पहले ही मौत बता दिया गया, वही परिजन गर्भवती महिला को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे जहां पर सोनोग्राफी के जांच में जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ्य बताए गए, और फिर ऑपरेशन से महिला ने निजी अस्पताल में स्वास्थ्य बच्चे को दिया जन्म, मामले पर प्रसूता के परिजनों ने जिला अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की, वही इस मामले पर जिले स्वास्थ्य अधिकारी ने जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की बात कही।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. ने 19 जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 09, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संपादक डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरवी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो. 9893798715